श्री निहाल सिंह (महेन्द्रगढ़): डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस बिल के जो आब्जैक्टस हैं वे तो ठीक हैं कि जो पंचायत अपनी डयूटी ठीक नहीं करती, उसको सुप्रसीड किया जाए। लेकिन इससे एक और फर्क पड़ने वला है, वह यह है कि अगर पंचायत को कोई मैम्बर अपनी बेसिक क्वालिफिकेशन लूज कर देता है और एज ए पंच या सरपंच अगर उनकी बेसिक क्वालिफिकेशन खत्म होगी तो उसका नतीजा यह होगा कि पंचायत समिति के मैम्बरों और चेयरमैन को भी छेड़ना पड़ेगा। अब मान लीजिये कि एक पंचायत के सात मैम्बर हैं और सात में से दो मैम्बर इस किस्म क हैं जो सही काम करते हैं लेकिन पांच मैम्बर ऐसे हैं जो इस बिल के मुताबिक अपनी डयूटी पूरी नहीं करते तो नतीजा यह होता है कि वह सारी पंचायत सुपरसीड होती है। इसके साथ–साथ वे दो मैम्बर भी उस पंचायत से मौजूद हैं जो काम करते हैं लेकिन वे भी इस एक्ट के मुताबिक सुपरसीड हो जाएंगे, वे भी मैम्बरशिप से सीज हो जाएंगे। अगर कोई पंचायत किसी सरपंच को हटाना चाहेगी, तो वह जानबूझ कर ऐसा करेगी और उसका नतीजा यह होगा कि सारी पंचातय सुपरसीड होगी। इसलिए मैं मिनिस्टर साहब से यह चाहूंगा कि इस किस्म की सिचुएशन अगर अराइज

होती है कि जिनका कोई कसूर नहीं है वे नुकसान उठाएं तो सरकार को दोबारा सोचना चाहिए। जो बेकसूर हैं उन्हें नुकसान नहीं होना चाहिए। मैं इतना ही कहना चाहता हूं।

श्री जगजीत सिंह टिक्का (नारायणगढ़): डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो बिल आया है इसमें मांग तो यही है कि जो नो–कानुफीडैंस मोशन 6 महीने पहले आ सकता है वह एक साल के बाद आएगा। मेरे ख्याल के मुताबिक तो यह बहुत अच्छी चीज है क्योंकि यह जो 6 महीने बाद हटाने वाली बात थी यह एक तमाशा बनाया गया था। मैं तो यह चाहूंगा कि उसमें नो–कान्फीडैंस सिम्पल मैजोरिटी से नहीं बल्कि 2/3 मैजोरिटी से होना चाहिए वरना यह होता है कि जो पंचायत अच्छा काम करती है वह काम नहीं कर सकेगी। इसलिए यह जो 6 महीने की बजाए एक साल किया जा रहार है यह अच्छी चीज है। जहां तक सुपरसैशन का सवाल है कि पंचायत सुपरसीड की जा सकती है, यह पावर तो सरकार के पास पहले ही है दफा 103 के तहत। अगर मेरै भाई इसको थोड़ा ध्यान से पढ़ें तो पता लग जाएगा कि गवर्नमैंट को इस बारे में पहले ही पावर है। अब तो उसकी वर्डिंग को ही ठीक किया गया है। अलबत्ता राव निहाल सिंह जी ने जो प्वायंट आउट किया है वह वाकई ऐसी चीज है जिसके बारे में मिनिस्टर साहब क्लैरिफाई कर दें। सारी पंचायत में से जो मैंबर अच्छा काम कर रहा है उसको सेफ कर दिया जाए। हां जो एक साल वाली बात है उसकी बजाए तो चाहे डेढ़ साल कर दिया जाए

लेकिन काम करने वाले और ईमानदार मैम्बर को सेफ रखा जाए। इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

श्रीमती चन्द्रावती (लोहारू): डिप्टी स्पीकर साहिबा, सदन में पंजाब ग्रांम पंचायत (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1947 अंडर डिस्कशन है। मैं समझती हूं जैसा कि राव निहाल सिंह जी ने भी कहा कि इस बिल के एम्ज एंड आब्जैक्टस ठीक होते हुए भी इसका मिसयूज होगा और अगर खराबी एक पंच या दो पंच करते हैं तो सजा सबको ही भुगतनी पड़ेगी क्योंकि पंचायत सुप्रसीड होने से सभी हटेंगे और जो काम करने वाले अच्छे पंच हैं वे भी ब्लॉक समिति की मैम्बरशिप से आटोमैटिकली सीज कर जायेंगे। इस लिहाज से मैं समझती हूं कि यह बिल डिफैक्टिव है और इस बारे में हमें सोचना चाहिये। मैं मिनिस्टर साहब से दरखास्त करूंगी कि इस बिल को दोबारा पार्टी मीटिंग में डिस्कस करें और हमें इसे पास करने से पहले इसके सारे प्रौस एंड कौन्ज में जाना चाहिये। मैं तो वैसे असूली तौर पर इस बात के खिलाफ हूं कि किसी इलैक्टिड बाडी का सुप्रसीड किया जाए। अगर किसी इलैक्टिड बाडी को जो जनता ने चुना है उसे इस तरह से खत्म कर दें तो फिर उसके इलैक्टिड बाडी होने का कोई फायदा नहीं होता है। फिर आप देखें कि कौन इसी बात का हिसाब किताब लगायेगा कि कौन सी पंचायत ठीक है और कौन सी ठीक नहीं है? जैसा मन आयेगा वैसा ही होगा और जिसे चाहेंगे उसे

सुप्रसीड कर देंगे। यह तो इन इन्सीटीच्यूशंज को वाइंड अप करने वाली बात होगी। सरपंच का डायरैक्ट इलैक्शन करवा कर आप देखें कितने झगड़े गांव में शुरू हो गये हैं। रोजाना सरपंच के खिलाफ नो कन्फीडैंस मोशन पेश हो जाते हैं। इतनी पार्टीबाजी और लिटीगेशन गांव के अन्दर पैदा हो गई है कि हैरानी होती है। तो मैं ज्यादा न कहते हुए इतना ही निवेदन करना चाहती हूं कि देखने को तो यह अमैंडमैंटस बहुत अच्छी लगती हैं, एम्ज एंड आब्जैक्टस बहुत अच्छे लगते हैं लेकिन प्रैक्टीकली रिजल्टस ठीक नहीं निकलेंगे और इसे इस तरह पास करने से गांव में और भी ज्यादा खराबियां पैदा हो जाने की उम्मीद है।

श्री अमर सिंह (बवानी खेड़ा–अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस वक्त हाउस के सामने पंजाब ग्राम पंचायत (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 19074 जेरे–बहस है और इसके जरिए पुराने ऐक्ट के तीन सैक्शन्ज 9103 और 109 को अमैंड किया जा रहा है। सैक्शन 9 में जो अमैंडमैंट करने जा रहे हैं उसका मकसद यह है कि नो कन्फीडैंस मोशन लाने की म्याद को 6 महीने की बजाये एक साल किया जा रहा है। पुरानी सैक्शन 103 के अनुसार यह था कि सुप्रसैशन होने के बाद जो पंचायत की प्रापर्टी होती थी वह ऐज इट इज पड़ी रहती थी लेकिन अब इसे अमैंड करके यह किया जा रहा है कि सारी प्रापर्टी गवर्नमैंट में वैस्ट करेगी यानी गवर्नमैंट जब भी चाहे किसी पंचायत को सुप्रसीड कर सकती है और इस सुप्रसैशन के बाद उस पंचायत की प्रापर्टी गवर्नमैंट की

तहवील में चली जायेगी। फिर आगे सैक्शन 109 आती है जिसे अमैंड करने जा रहे हैं। इसमें डिप्टी स्पीकर साहिबा यह है –

"(i) removes displaces or makes any alteration in, or interferes with any pavement, gutter, public street, fence, wall or post thereof, lamp post or bracket thereof, direction post, stand post, hydrant or other property of the Gram Panchayat."

सैक्शन 109 के तहत पहले यह था कि जो आदमी पंचायत की जायदाद पर एन्क्रोचमैंट करता था उसे 25 रूपये पैनल्टी देनी होती थी और उस एन्क्रोचमैंट के होने से पंचायत को जो नुक्सान होता था उस लौस को अदा करना पड़ता था। अब जो इसमें अमैंडमैंट करने जा रहे हैं उससे यह होगा कि पैनल्टी 25 रूपये की बजाये 100 रूपये की जा रही है और एन्क्रोचमैंट करने वाले को वह लौस भी अदा करना पड़ेगा जो कि पंचायत को उस एन्क्रोचमैंट की वजह से होगा। जब इन बातों को देखते हैं और इसके एम्ज एंड आब्जैक्टस को देखते हैं तो ऐसा मालूम होता है कि ये बहुत ही बेहतरीन अमैंडमैंट हैं लेकिन अगर हम इस चीज को प्रैक्टीकल तौर पर देखें तो पता लगता है कि जिस स्पिरिट से यह बिल लाया गया है कि गरीबों की, हरिजनों की और कम आमदनी वाले लोगों की मदद करनी है और जो अच्छा काम करने वाली पंचायत है उनको एक साल तक सुविधा देनी है कि वह बगैर नो–कोन्फीडैंस मोशन के डर से काम करे लेकिन प्रैक्टीकल तौर पर यह बात होती नजर नहीं आती। इस बिल की स्टेटमैंट आफ आब्जैक्टस एंड रीजंज में लिखा है:

"At present there is no provision in the Act for the administration of the property of a Panchayat after its supersession and for assessment of the loss caused to Panchayat's property by any person other than Panch/Sarpanch.

Provision is, therefore, being made to administer property of the superseded Panchayat through an Administrator appointed by Government and to assess the loss caused to the Panchayats property by the Block Development and Panchayat Officer. Provision is also being made to extend the period for moving motion of no-confidence against a Sarpanch from six months to one year."

इस स्टेटमैंट के लिहाज से तो यह अमैंडमैंटस बहुत अच्छी है इसमें कोई शक नहीं और इसकी ताईद करता हूं लेकिन डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस एन्क्रोचमैंट के बारे में जो ऐक्शन पहले ही लिया जा रहा है पुराने ऐक्ट के अनुसार भी उस बारे में हमारा एक्सपीरियंस कोई अच्छा नहीं, बड़ा बिटर है। आज हालत यह है कि पंचायतें लिटीगेशन की जड़ बनी हुई हैं। यह थ्री टायर सिस्टम है, पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिशद। जिला परिशद तो पिछले दिनों समाप्त कर दिये लेकिन पंचायत समितियां और पंचायतें झगड़े की बुनियाद बन रही हैं। दो मैंबर एक तरफ हो जाते हैं और चार दूसरी तरफ चले जाते हैं और इस तरह पार्टी बाजी होती है और सारे झगड़े चलते हैं कि लोग खासतौर पर गरीब और हरिजन लोग बहुत तंग हैं। अब सैकशन 109 के तहत पहले ही क्या हो रहा है उसकी एक मिसाल मैं आपके सामने

रखना चाहता हूं कि किस तरह से लोगौं को तंग किया जाता है। हमारे तहसील हांसी में बड़ छप्पर गांव है। वहां पर गरीब हरिजनों ने, कम आमदनी वाले लोगों ने आज से 15/20 साल पहले अपने मकान बना लिये थे। आप जानते हैं कि हरिजनों को गांव के बीच में तो रहने नहीं देते और ये लोग या शमशान भूमि के पास बसते हैं या जौहड़ के किनारे बसते हैं। मुरब्बाबंदी जो होती है उसमें भी इन लोगों को श्मशान भूमि के पास या जौहड़ के किनारे बसने के लिये, मकान बनाने के लिये जमीन देते हैं। तो बड़छप्पर गांव में भी ऐसा ही हुआ कि मुरब्बाबंदी में जो आबादी के लिये चार–चार पांच–पांच मरले जगह मिली वहां मकान हरिजनों ने बना लिये। गांव के बीच में से मकान छोड़कर जौहड़ के किनारे जमीन लेकर आज से कोई बीस साल पहले वहां मकान बना लिये। तो अब पंचायत ने वहां फैसला किया कि या तो 20/22 रूपए गज के हिसाब से उस जमीन के पैसे अदा करो नहीं तो मकान गिरा देंगे। वहां पर एक हरिजन सोल्जर है उसने भी वहां पर मकान बनाया। मिनिस्टर साहब खुद एक बड़े मिलिटरी अफसर रहे हैं, वह जानते हैं कि सोल्जर की क्या लाईफ होती है। तो वह फौजी छुट्टी लेकर आया और उसने वहां पर मकान बनाया 6/7 महीने पहले पंचायत ने फैसला किया कि जिस जमीन पर उसने बीस साल पहले, गांव के बीच की जगह छोड़ कर, मकान छोड़कर, जोहड़ के किसारे जमीन लेकर मकान बनाया उस जमीन के 20/22 रूपये गज के हिसाब से पैसे अदा करे। पंचायत ने उस जगह को चार हजार रूपया बनाया। उस फौजी के बूढ़े बाप ने कहा कि हम

गरीब आदमी हैं, मेरा लड़का फौज में है, बड़ी मुश्किल से हमने मकान बनाया है उसके पास इतने पैसे नहीं कि वह अदा कर सके। पंचायत ने फैसला किया कि हम सात दिन की मोहलत देते हैं। अगर 7 दिनों में पैसे दे दिए फिर तो ठीक है कि अगर नहीं दिए तो कहते हैं कि हम तुम्हारा मकान गिरा देंगे। वे पैसे दे नहीं सकते क्योंकि पैसे देने की पोजीशन में नहीं थे ओर पंचायत उनके मकान गिरा देती है। वैसे पंचायत लीगली लगा भी नहीं सकती। मेरे कहने का मतलब यह है कि 4 हजार रूपये का डर दिखाकर उसका मकान गिरा दिया और इसी तरह से दूसरे हरिजन जिन्होंने पैसा नहीं दिया, उनका भी गिरा दिया। इस तरह से पंचायतों ने 90 हजार रूपया इकट्ठा किया है। 90 हजार में से कितना बचने वाला है, कितना उनके पास है और कितना बैंक में जमा कर रखा है, इस बात का कोई पता नहीं। सरकार गरीबी हटाओ का नारा लगाती है, समाजवाद का दौर चल रहा है जिसमें हम गरीबों को रोटी देना चाहते हैं लेकिन अगर कोई हरिजन गांव में मकान बना लेता है तो कहते हैं कि नक्शा ठीक नहीं और बना बनाया मकान गिरा देते हैं। सरपंच एनक्रोचमैंट करके गली में बना लेता है और अगर कोई दूसरा आदमी बना लेता है तो उसको गिरा दिया जाता है डिस्मैंटल कर दिया जाता है। तो स्पीकर साहब, यह जो 100 रूपये की पैनल्टी चल रही है इसका गलत इस्तेमाल होता है, सही तौर पर इस्तेमाल नहीं होता। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि वे गांवों की बाकायदा इन्क्वायरी करवाएं कि आया इस तरह की कोई घटना घटी है, अगर घटी है

तो उसके खिलाफ क्यों न इन्क्वायरी करवाई जाए और ऐक्शन लिया जाए। बडाला गांव है जिस में लोगों ने दो–दो, तीन–तीन, किल्ले जमीन ले रखी है, उनके खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया जाता और अगर कोई हरिजन हो तो उसके खिलाफ नोटिस दिया जा रहा है। इस तरह से एन्क्रोचमैंट का नाम लेकर इस एक्ट की सैंस, स्पिरिट को बिल्कुल गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। जिस स्पिरिट में हम एक्ट पास करते हैं अगर इसी स्पिरिट में इसकी इम्पलीमैंटेशन हो जाए फिर तो ठीक है वरना जिस तरह से इसका इस्तेमाल किया जा रहा है वह बिल्कुल गलत है। मैं यह नहीं कहता कि सारे सरपंच नापाक हैं, इनमें बहुत से सरपंच ऐसे भी हैं जो नेकनीयती से काम करते हैं, मिलकर काम करते हैं। मैं मिनिस्टर साहब से निवेदन करूंगा कि बडाले की बाबत इन्क्वायरी करवाएं कि क्या वहां पर इस तरह की एन्क्रोचमैंट हुई है जिसकी बिना पर हरिजन को अन–नसैसरी हैरस किया गया हो?

इस बिल में नो–कान्फिडैंस की बात है, मैं इसकी ताईद करता हूं क्योंकि 6 महीने के अन्दर तो सरपंच पुराना खाता लेता है और फिर अपना काम देखता है। पंचायत चुल्हा टैक्स वसूल करती है और दूसरे किसम के टैक्स भी वसूल करती है। इस चुल्हा टैक्स के नाम पर गरीब हरिजनों के साथ ज्यादती होती है। उनके पास भले ही राशन कार्ड हो, कोई भी आदमी उनको चीनी नहीं देता। जो चुल्हा टैक्स दे वह चीनी ले जाए और जो हरिजन न दे सके उसको चीनी नहीं मिलती। इस तरह से इसका गलत

इस्तेमाल हो रहा है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो ऐक्ट हम अमैंड कर रहे हैं इसमें कोई शक नहीं कि स्पिरिट आफ दी मूवर इज गुड, अगर इसकी इम्पलीमैंटेशन सही तौर पर करें लेकिन अफसोस कि इम्पलीमैंटेशन सही ढंग से नहीं होती। मैं मिनिस्टर साहब से अर्ज करूंगा कि जहां एन्क्रोचमैंट का सवाल हो वहां सामूहिक तौर पर पंचायत का प्रस्ताव एस.डी.ओ. के पास चला जाए और एस.डी.ओ. एग्जामिन करे कि आया पंचायत ने जो कुछ किया है ठीक किया है, क्या एक्चुअली एन्क्रोचमैंट हैं। अगर एक्चुअली एन्क्रोचमैंट है और सारे गांव ने एन्क्रोचमैंट किया किया है तो सारे गांव के खिलाफ यानी सारी पंचायत के खिलाफ ऐक्शन लेना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहिबा, बात यह है कि फील्ड में जो पंचायत पावर में होती है वह एन्क्रोचमैंट कर जाती है। जहां पर दो आदमी एक तरफ हुए और दो दूसरी तरफ हुए तो इनमें जो पावरफुल होते हैं वे एन्क्रोचमैंट कर जाते हैं और जिन लोगों ने एन्क्रोचमैंट न भी कर रखा हो उनके खिलाफ नोटिस देकर हैरस किया जाता है। जो पावर में है वहा जहां चाहे दीवार बना सकता है, गिरा सकता है, जोहड़ में गली में कोठा बना सकता है, कहीं पर भी दरवाजा निकाल सकता है, उसको रोकने वाला कोई नहीं। इसलिए मैं मिनिस्टर साहब से निवेदन करूंगा कि जहां एन्क्रोचमैंट का सवाल है, जहां से पंचायत का प्रस्ताव आए वहां पर एस.डी.ओ. सिविल मौके पर जाकर सारे गांव की तहकीकात करे लाल डोरे के अन्दर, लाल डोरे के बाहर, आबादी देह के अन्दर, आबादी देह के बाहर देखे कि कहीं एन्क्रोचमैंट तो नहीं है? डिप्टी स्पीकर साहिबा,

मैं एन्क्रोचमैंट के हक में बिल्कुल नहीं हूं क्योंकि इससे गलियों से गाड़ियां नहीं निकलती, पशु खड़े नहीं हो सकते। गलियों में जहां देखो कोठड़े नजर आते हैं। ऐसा मालूम होता है गांव के अन्दर कहीं पर जमीन नहीं रहेगी, कोठे ही रहेंगे। चार दीवारी खड़ी कर रखी है, कहीं गरीब आदमियों के पशु खड़े होने के लिए जगह नही छोड़ रखी। पिछले दिनों इस एक्ट में अमैंडमैंट आई है जिसके अनुसार आबादी–देह पंचायत की प्रापर्टी हे लेकिन आज कितने गांव ऐसे हैं जिन में लोगों ने गलियों को घेर रखा है, कितने गांव ऐसे हैं जहां पशुओं को खड़े होने के लिए जगह नहीं है। तो इस मामले में जब तक सख्ती से नहीं निपटा जाता तब तक इस एक्ट की इम्पलीमैंटेशन नहीं हो सकती। जब तक इस भावना को कम नहीं किया जाता कि गरीब आदमी को अन–नसैसरी हैरस किया जाए, अगर किसी आदमी की बात कोई सुनने वाला न हो, वह बी.डी.ओ. तक पहुंचने वाला न हो, एस.डी. ओ. सिविल के पास उसकी पहुंच न हो तो उसका मकान गिरा दिया जाए और जिसने चारों तरफ से रास्ते रोक रखे हों और बी. डी.ओं., एस.डी.ओ. सिविल तक पहुंच हो उसको कोई छेड़ता ही नहीं। यह भावना देखने में आ रही है कि गरीब को मारो और शक्तिशाली का पक्ष लो। इसकी तरफ सरकार को खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। मैं मिनिस्टर साहब से अर्ज करूंगा, वे इस मामले में ऐक्टिव हैं क्योंकि पंचायतौं का महकमा उनके पास अभी–अभी आया है, उनसे निवेदन है कि वे सारे गांवों की एक समरी मंगवाएं ताकि पता चले कि पंचायतों में किस तरह की

एन्क्रोचमैंट है, किस तरह से एन्क्रोचमैंट करती है? मैं आपको कहूंगा कि कोई गांव ऐसा नहीं मिलेगा जहां पर एन्क्रोचमैंट न हो। यह जो अमैंडमैंट की जा रही है यह कम है, इससे भी ज्यादा सख्ती हो क्योंकि जो एन्क्रोचमैंट करे उसको सजा हो, उनके लिए यह सजा ज्यादा नहीं है लेकिन अगर किसी को कोई कसूर न हो और बिना कसूर से सजा मिल जाए तो बड़ी बेइन्साफी वाली बात है .....

उपाध्यक्षा: आपका टाईम हो चुाक है, खत्म करें।

श्री अमर सिंह: अभी खत्म कर रहा हूं। मैं कह रहा था कि एन्क्रोचमैंट की मद में उन्ही लोगों को नुक्सान पहुंचाया जा रहा है जो लावारिस हैं जो वास्तविक गुनाहगार हैं उनको कोई छेड़ता ही नहीं। तो जो इसकी भावना है, एम्ज एंड औब्जैक्टस हैं उनकी तारीफ करता हूं और अपना स्हिाान लेता हूं।

श्री के.एन. गुलाटी (फरीदाबाद): डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो अमैंडमैंट हमारे सामने है इस के सम्बन्ध में मैंने अपने इलाके के बड़े बड़े गावों में देखा, जहां ग्राम पंचायतें हैं वहां देखा कि फन्डज होने के बावजूद भी गलियों मैं कीचड़ भरा पड़ा है, ईटें भी नहीं लगवाते सड़क बनानी तो एक तरफ रही। ईटें तो मिलती हैं, लगवा सकते हैं लेकिन कीचड़ भरा पड़ा है। जहां सरकार ने बड़ी मेहनत से अप्रोच रोड़ज दी हैं वहां पंचायतें इनकी देखभाल नहीं करती। सड़कों में कट पड़ गए हैं, कम से कम पंचायत कट

ही भर दे। मैं कहता हूं कि यह अमैंडमैंट बहुत अच्छी है क्योंकि जो पंचायतें काम नहीं करती, गावों की तकलीफ नहीं देखती सरकार पब्लिक के हित में उनको सस्पैंड करे, सरकार का यह फर्ज है, हक है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो 6 महीनपे की बजाए एक साल की बात आई, मैं इसको पसन्द करता हूं क्यांकि जो सरपंच 6 महीने तक काम करता है दूसरे व्यक्ति जो उसको चलने नहीं देते उनके विरूद्ध उस सरपंच को यह संशोधन प्रोटैक्ट करेगा। मैं इस बिल की पुरजोर ताईद करता हूं, यह बहुत अच्छा है, हाउस इसको पास कर दें।

चौ. चांद राम (बबैन–अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब इतनी जल्दी जरूरत पड़ गई कि किसी सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पास करने के लिए 6 महीने की बजाये एक साल का असग्र होगा। यह जो है यह इस बिल के जरिए इन्होंने कहा है लेकिन बात यह है कि जब यह बिल बना था उस वक्त हमने यह बात इन्हें कहीं थी कि अगर आपने सरपंच का चुनाव बालिग वोटर्ज के द्वारा सीधा चुनने की बजाय अपनी पंचायत में से चुना जाये तो यही हालत होगी, अविश्वास प्रस्ताव आएंगे और आपके लिए काम करना, सरपंच के लिए काम करना निहायत नामुमकिन हो जाएगा आज यह बात इस अमैंडमैंट के जरिए गर्वनमैंअ नै माल ली मैं फिर कहता हूं कि पंजाब में इस बात का प्रोविजन है कि सरपंच जो है गांव का वह गांव की आबादी से अडल्ट वोटर्ज के सीधा चुना जाता है दिल्ली में भी

सीधा चुना जाता है और दूसरी अन्य स्टेटस में भी सीधा चुना जाता है लेकिन हमारी स्टेट में पता नहीं क्यों यह बात इन्हें पसन्द नहीं आती? हमारी स्टेट में भी, सन् 1956 से पहले जबकि ज्वायंट पंजाब था, यह बात आई थी कि पंचों में से सरपंच चुना जाएगा। हमने इस बात को बहुत ऐग्जामिन किया क्योंकि सरदार प्रताप सिंह कैरों देहात के रहने वाले थे, इन बातों को अच्छी तरह से जानते थे, बहुत से दूसरे आदमी भी जानते थे और मैं भी उस वक्त सन् 56 में डिप्टी मिनिस्टर पंचायत था। उस वक्त यह फैसला यिका गया था कि सरपंच का चुनाव इनडायरैक्ट करने से गांव में पार्टीबाजी हो जाएगी क्योंकि पंच कभी इधर हो जाते हैं और कभी उधर हो जाते हैं, इसलिए गांव की जिम्मेदार आबादी सरपंच को चुने। मेरा ख्याल है कि कोई भी मैम्बर साहब इस बात से इन्कार नहीं कर सकता कि गांव में सरपंच ही असल में काम करता है। अगर उसकी मर्जी हो तो काम हो जाता है और उसकी मर्जी न हो तो काम नहीं होता। कई पंच अच्छे हैं और काम करना चाहते हैं लेकिन कई पंच मुखालफित में हो जाते हैं। सरपंच के पास मैजोरिटी होती है, फंडज होते हैं और कु अधिकार भी होते हैं। तो कुदरती बात है कि इसके लिए कुछ लोग दौड़ धूप भी करते हैं। आज तो हालत यह है कि कचहरी में ही इनके सरपंच खड़े रहते हैं। इतने दावे होते हैं, इतने दावे वे करते हैं कि गांव को उन्होंने नर्क बना दिया है। डिप्टी सपीकर साहिबा, आज लो मिल्टरी से आते हैं। सोचते हैं कि गावं में बसेंगे लेकिन गांव में घुसते ही वातावरण ठीक नहीं पाते। गांधी जी ने कहा था

कि पंचायतों को अख्तियार देने हैं। उन्होंने कहा था कि डीसैन्ट्रेलाइजेशन आफ पावर्ज की जाएगी, शक्ति का विकेन्द्रीकरण किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेसियों को कहा था कि तुम पावर्ज के केन्द्रीयकरण की तरफ न देखो बल्कि विकेन्द्रीयकरण की सोचो और गांव वालों को अपने पैरों पर खड़ा करो। अभी जैसे यहां जिक्र किया गया मैं भी यह कहता हूं कि आज अगर गांव और शहर का मुकाबला करें तो गांव को आप क्या पाओंगे? नालियां वहां ठीक नहीं, गलियां वहां ठीक नहीं, ऐरी–गेरी चीज इधर–उधर पड़ी होगी, टेढ़ी–मेढ़ी इस तरह से होगी कि गांड़ी वहां से निकल नहीं सकती, पशुओं का निकलना भी बड़ा मुश्किल है और गलियों में ही चूल्हे लगे होंगे। बड़े–बड़े जमींदारों के चूल्हे भी आपको गलियों में मिलेंगे। कभी अगर कोई डाक्टर चला गया ओर उसने कह दिया कि सफाई करके रसोई ऐसी जगह डालो जहां साफ खाना मिल जाए तो उसका भी वहां कोई असर नहीं होता। अच्छे से अच्छे लोग, ग्रेजुएट और एम.ए. पास हैं वे भी गली में चूल्हा डाले हुए हैं क्योंकि वहां कोई जगह नहीं। तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, आजादी के 27 साल के बाद भी इस सरकार ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया है। इनको चाहिए कि ये गांव को ऐसा गांव बनाएं जिससे शहर की तरफ लोग न जांए बल्कि शहर से उल्टे गांव में लोग वापिस आएं। अगर बसा नहीं सकते तो इतना तो कर दें कि कम गांव में रहने वाले लोग वहां बसें। गांव में बसे हुए लोग वहां तभी बसेंगे जब वहां का वातावरण अच्छा होगा। रूलिंग पार्टी से बोलने वाले कई माननीय सदस्य भी इस तरह की बातें कह रहे

थे। आज जरूरत इस बात की है कि गांव से कटुता, वैर, विरोध ओर वैमनस्य जो है वह कैसे दूर किया जाए और गांव को स्वर्ग कैसे बनया जाए? हमारा देश नगरों का देश नहीं है, गांवों का देश है। इसलिए निहायत लाजमी है कि यदि हम गांव को वर्थ लिविंग बना सकते हों तो हमें बनाना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, श्री अमर सिंह जी ने कहा कि बटाला गांव में नोटिस हुआ। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि एक गांव की क्या बात है, इस तरह के तो बहुत से केसिज होते हैं। अगर किसी सरपंच की किसी हरिजन से लगती है तो वह नोटिस दे देगा क्योंकि उस बेचारे के पास कोई सबूत नहीं है कि घर उसका है, मकान उसका है। गांव के अन्दर कौन सा बाड़ा किसका है, मकान किसका है इस बात का कोई सबूत नहीं होता। इसका एरिया इतना है, मशरक में है, मगरब में है, इतनी इधर जगह है इतनी उधर गली है, इन चीजों को बताने वाले, आज 27 साल के बाद भी यह हमारी बदकिस्मती है कि कोई नक्शे वहां नहीं बनाए गए हैं। पटवारी वहां मौजूद हैं और ग्रामसेवक वहां मौजूद है। ये झगड़े खत्म हो जाएंगे अगर गांव के नक्शे बनवा दिए जाएं। नक्शे बनवा कर ये लोगों को कहें कि यह तुम्हारा कब्जा है, अगर किसी ने इतनी मन्याद के भीतर कोई एतराज करना हो तो कर ले वरना ये नक्शे पर्मानैन्ट रिकार्ड के रूप में बनवा दए जाएंगे। इनके बगैर दूसरों की निस्बत हरिजनों को आज बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हरिजन गैर–बिस्वेदार हैं। उसको अपना कब्जा

साबित करना पड़ताहै। सिविल कोर्ट में भी यदि वह जाता है तो वह कहते हैं कि बता तेरे पास क्या सबूत है? जबानी गवाह यदि वह देता है तो प्रोप्राइटरी और नौन–प्रोप्राइटरी राईटस के छो धड़ों में वह पिछ जाता है। पंचायत भी गवाही देती नहीं। किसी हरिजन गवाह को यदि वह पेश करता है तो कहा जाता है कि यह हरिजन इंट्रेस्टिड गवाह है, इसने प्रपोज किया है इसलिए यह भी गवाही नहीं देगा। कोई ऐसा फैसला है जिसमें कहा गया है कि हरिजन की गवाही काबिलें–गवाही नहीं। अब आप ही बताएं हरिजन बेचारा कहां जाए? अगर गैर–बिस्वेदार के पास नक्शा होगा तो जो ताल्लुकात बिगड़ते आ रहे हैं वे सुधरेंगे। आज जरूरत है मुकदमें कम करने की। क्या ही अच्छा हो यदि इसके अन्दर लोग जाये ही नहीं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक तो मैं यह कहना चाहता हूं कि हम अगर यह सोच सकें कि सरपंच का चुनाव .....

Deputy Speaker: Please speak on the bill under discussion.

चौ. चांद राम: इसी पर बोल रहा हूं। मैं यह कहने जा रहा था कि सरपंच का चुनाव अगर डायरैक्ट करेंगे इनडायरैक्ट की बजा तो यह जो अविश्वास प्रस्ताव के लिए 6 महीने का अर्सा रखा गया है या जिसे अब 6 महीने की बजाय एक साल किया जा रहा है इसके प्रोविजन की जरूरत नहीं होगी। दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि यह सरकार गांव में नक्शे जरूर बनवाए।

इसके लिए इसे चाहे कुछ भी खर्च करना पड़े इसे करना चाहिये। वैसे ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ेगा। इनके पास ऐजैन्सी है। कर्नल साहब गांव के रहने वाले हैं, फौज में रहे हैं, काफी तजुरूबा है, वैसे भी ऊमर–रसीदा है, मैं इनसे प्रार्थना करूंगा कि अगर ये मुकदमों को मिनिमाइज करना चाहते हैं, कम से कम करना चाहते हैं तो किसी प्रकार से गांव में नक्शे जरूर बनवाएं। यह नहीं कि नक्शे बनवाने के लिए ड्राफ्टसमैन बुला लें। ड्राफ्टसमैन की इनको कोई जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि वहां पटवारी मौजूद हैं, ग्रामसेवक मौजूद है और मौजूदा जो कब्जाजात है उनके ये इन्हीं से ही नक्शे बनवा सकते हैं। उसके बाद ये प्द्धलान आउट करके गांव को माडल विलेज बनाएं। माडल विलेज का यह मतलब नहीं कि उसमें फ्लश सिस्टम हो, सैनिटेशन का इन्तजाम हो और वाटर वर्कस आदि का इन्तजाम हो। यह जरूरी नहीं है। जरूरी यह है कि वहां गलियां और सड़कें पक्की हों और प्लैन्ड ढंग से वह बना हो। डिप्टी स्पीकर साहिबा, चकबन्दी की ये बड़ी बड़ी बातें यहां करते हैं। ये कहते हैं कि लोगों को बड़े बड़े प्लाट चकबन्दी में मिले हैं। मेरा तो ख्याल है कि शायद वन थर्ड गांव नहीं तो दस बीस फीसदी गांव ऐसे होंगे जहां अभी भी चकबन्दी नहीं हुई है। अभी भी ये गांव को प्लान आउट कर सकते हैं और कह सकते हैं कि ये तुम्हारे नक्शे हैं। मैं तो समझता हूं कि अगर ये ऐसा कर देंगे तो अच्छा होगा।

डिप्टी स्पीकर साहब, इसमें एक बात और है। इसमें यह किया जा रहा है कि गवर्नमैंट की मर्जी में, यदि वजह काफी है तो यह पंचायत को सुपरसीड कर सकती है। ऐसी हालत में सरपंच के सामने कोई चारा नहीं। वह ज्यादा से ज्यादा हाई कोर्ट में जाएगा। वहां ही वे जाते हैं क्योंकि आदत पड़ी हुई है और आज भी बहुत से मुकदमें चले हुए हैं। एक गांव हमारे हरियाणा में ऐसा है जहां काफी अर्से से पंचायत नहीं है। शायद वह चीफ मिनिस्टर साहब का गांव गोलागढ़ है। इसका सुप्रीम कोर्ट में केस चला है। ऐसी जो हालत है इसका भी इलाज हो जाना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ज्यादा न कहते हुए एक बात और कहता हूं। हमारी शामलात देह का कानून ऐसा है कि किसी शामलात देह की प्रौपर्टी अगर मिस–यूज होगी तो वह गवर्नमैंट में वैस्ट करेगी और बी.डी.ओं उसे ऐडमिनिस्टर करेगा। ये जरा इस बात की रिपोर्ट तो मांगे कि कितनी ऐडमिनिस्टर की या नहीं की। श्री अमर सिंह जी कह रहे थे कि गांव में जो शामलात जमीन है वह पंचायत के एिल एक बड़ा सोर्स आफ इन्कम है क्योंकि हाउस टैक्स लोग देते नहीं। तीन–तीन चार–चार साल तक वह पड़ा रहता है। अब आपने एक मोहिम चलायी है कि लोगों से हाउस टैक्स लें लेकिन जो गांव में शामलात देह की जमीन है उससे भी पंचायत को काफी आमदनी हो सकती है। उस आमदनी से गांव का काफी भला हो सकता है। बदकिस्मती से सुप्रीम कोर्ट का डिसिजन आ गया कि जो बचत लैन्ड है, जो पाना शामलात जमीन

है, ठोका शामलात जमीन है, उनको वैस्ट नहीं किया जा सकता। अगर इस तरह की कोई हाईकोर्ट की जजमैन्ट आती है, उसके विशय में मैं यह कहना चाहता हूं कि वह गवर्नमैंट की जानकारी में है या नहीं है, मुझे पता नहीं है, जानकारी होते हुए भी क्यों नहीं सरकार इन्तजाम करती है। जैसा कि मेरे फाजिल दोस्त दौलता साहब ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक गैर–बिसबेदार को प्लाट, बिसबेदारों को बगैर मुआवजा दिये, नहीं दे सकते। इसलिए हमें कोई प्रोविजन करना पड़ेगा और खासतौर से इस मामले में पंडित चिरंजी लाल को देखना पड़ेगा। उनको नौमीनल कम्पैनसेशन दे करके या कुछ और रास्ता निकाल कर उसका इन्तजाम करना पड़ेगा वरना जो गैर–बिसवेदार हैं वे बेचारे लटके रहेंगे। उनकी जो मलकियत है वह कानूनी मलकियत नहीं होगी।

Deputy Speaker: Please wind up your speech. You have taken too much time.

चौ. चांद राम: डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं किसी पर कटाक्ष नहीं कर रहा हूं मैं तो हकीकत ब्या न कर रहा हूं।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा: अभी चीज मिनिस्टर साहब, के गांव का जिक्र कर रहे थे। यह कटाक्ष नहीं था तो और क्या था?

चौ. चांद राम: मैं अर्ज करना चाहता हूं कि पंचायत की शामलात जमीन पर नाजायज कब्जा कर लिया जाता है या

प्रोपराइटी बाडी, सरपंच, पंच से मिल कर सिविल अदालत के कोलिसिव डिग्री ले लेते हैं और वह डिग्री लाजमी तौर पर एग्जीक्यूट हो जाती है और जब कोलिसिव डिग्री एग्जीक्यूट होगी तो कुदरती तौर पर शामलात जमीन बटेगी। इस तरह से पहले जो शामलात जमीन होती थी उसमें हरिजन यहा गैर–बिसवेदार अपने पशु वगैरह चरा लेते थे परन्तु अब वे नहीं चरा सकते। आज तक इस गवर्नमैंट को यह ख्याल नहीं आया कि हरिजन या गैर–बिसवेदार उस जमीन की सुरक्षित रखने के लिए क्यों इसके लि मुकदमें करें, इसके लिए तो सरकार को मुकदमा करना चाहिए। मैं आपको एक उदाहरण मुहाना गांव, जो सोनीपत तहसील में है, का देना चाहता हूं। उस केस में पंडित चिरजी लाल शर्मा वकील थी। उस केस के अन्दर सुप्रीम कोर्ट से भी जीत लिए लेकिन 16 साल हो गये, वह मुकदमा अब भी चल रहा है। अब वह लोअर कोर्ट में है। उस मुकदमें के लिए बेचारे गरीब हरिजन दूर–दूर से चन्दा इकट्ठा करके लाये हैं तब उन्होंने कहीं वकील की फीस अदा की है। आप ही बताइये कि हरिजनों को क्या मिलेगा? वह तो गांव की शामलात पंचायत की जमीन है। आपको पता है कि शामलात जमीन पर गांवों के पशु वगैरह खड़े हो जाते थे लेकिन अब खड़े होने को जगह ही नहीं रही। डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं इस मुहाना गांव के मुकदमें से हैरान हूं कि हरिजन क्यों मुकदमा करें? मुकदमा तो सरकार को करना चाहिए। यह लाजमी बात है कि इस मुकदमें से जो बिसवेदार हैं और दूसरी तरफ जो हरिजन तथा गैर–बिसबेदार हैं उनमें आपस में

दुश्मनी होती हैं उनके ताल्लुकात बिगड़ते हैं। सरकार को उनके ताल्लुकात सुधारने की कोशिश करनी चाहिए न कि उन्हें बिगाड़ने की कोशिश करनी चाहिए।

Deputy Speaker: Please speek on the bill and not general. It is not discussion on the Budget speech.

चौ. चांद राम: डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं इस बिल पर ही बोल रहा हूं। पंचायत की प्रोपर्टी को काबू में रखने की सरकार की डियूटी हैं। इसके लिए गवर्नमैंट के अफसर जैसे पंचायत अफसर या बी.डी.ओं. वगैरह मुकदमा लड़ें, न कि हरिजन या गैर–बिसवेदार लड़ें। अगर वे मुकदमा लड़ेंगे तो हरिजन और जमींदार के ताल्लुकात खराब होंगे, उनको सुधारना हमारा फर्ज है। गावों में ताल्लुकात खराब होने का कोई दूसरा कारण नहीं है, सिर्फ इसी कारण से आजकल गांवों में ताल्लुकात खराब हो रहे हैं। दोनों ही मेहनतकश तबके के आदमी हैं। अगर गवर्नमैंट इस मुश्तरका जमीन का कोई फैसला नहीं करती है तो ये झगड़ते रहेंगे। मैं कर्नल साहब से निवेदन करूंगा, वे फौजी आदमी हैं उनको इस तरह की हिदायत करनी चाहिए कि कोई कौलेसिव सूट न हो। मैं उनसे गुजारिश करूंगा कि 1 नवम्बर, 1966 से लेकर आज तक पांच छः साल के अर्से में किस गांवों में कितने कौलसिव सूट हुए हैं, कितनी डिग्रीज हुई हैं, कितने केसिज पैंडिंग हैं, कितनी जमीन गांवों के अन्दर सुरक्षित है, कितनी रिकार्ड में जमीन थी, उसकी एक लिस्ट आप मांगे। मैं आपसे यह सब इसलिए कह

रहा हूं कि जो गांव की सुन्दरता थी उस शामलात जमीन से वह अब खत्म हो गई है। उस शामलात जमीन में रेवड़ वगैरह घूमते थे, हरिजनों के और गैर–विसबेदार के पशु वगैरह चर लेते थे लेकिन अब वे नहीं घूम सकते हैं। अब बिल्कुल गांव से मिलते हुए लोगों के खेत हैं। गावों में औरतों के टट्टी जाने के लिए भी स्थान नहीं है। अगर यह सरकार गांधी जी का नाम लेने वाली सरकार है तो इसके लिए जरूरी है कि वह गांधी जी के स्वप्न को पूरा करे। औरतों की लैटरीन का प्रबन्ध किया जाना चाहिए। जब तक यह प्रबन्ध नहीं होगा तब तक गांवों में जो सैनीटेशन की समस्या है वह यों ही बनी रहेगी। आजकल गांवों में रफाहाजत फिरते की कोई जगह नहीं है। आप किसी भी गांवों में चले जाइये, आपको बदबू आयेगी, आपको गांवों में कूड़ी ही कूड़ी मिलेगी। आज यह सरकार हरिजनों को मिन्योरपिट नहीं दे सकती। जब उनको मिन्योरपिट नहीं मिलेंगे तो वह खेतों में कूड़ा डालेंगे। अब वे किस के खेत में डालें। इसलिए हरिजनों को जगह मिलनी चाहिए। सरकार को यह देखना चाहिए। मैं तो समझता हूं कि बिक्रिंग का जो कारण है, झगड़े का जो कारण है, वह यह है। हरिजनों को यह सुविधा देनी चाहिए। सरकार को उनके लिए प्रबन्ध अवश्य करना चाहिए। गांवों से हमारे एम.एल.ए. आये हैं, वजीर आये हैं। इनका यह फर्ज है कि वे उनके लिए प्रबन्ध करें। गांवों की पंचायत प्रबन्ध करे। अगर हम यह अंकुश लगायेंगे तो पंचायत पनप नहीं सकती। पंचों और सरपंचों को सांस लेने दें, जीने दें। डैमोक्रेसी के अन्दर उनको पूरी आजादी मिलनी चाहिए।

आज उन्हें फ्रीडम दे दें ताकि वे पनप सकें। यदि बच्चे को चलने–फिरने नहीं देंगे तो वह कैसे पनपेगा। बच्चे को घूमने फिरने देंगे तभी वह कुछ सीखेगा। पंचायत आफिसर से या किसी अफसर को वे सौ–दो सौ रूपये देकर अपने कुछ कागजों को दबवा दें, जांच न होने दें लेकिन अगर किसी सरपंच ने हिसाब किताब में गड़बड़ की है तो उसको सजा मिलनी चाहिए। सरपंचों को सारी बातों के बारे में सिखाना चाहिए, उन्हें पता होना चाहिए। जिस तरह से आप फैमिली प्लानिंग पर इतना ज्यादा जोर देते हैं अगर आप इस बात पर ज्यादा जोर दें कि हमारे सरपंच वगैरह भी कुछ सीखें तो वह ज्यादा लाभदायक होगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने समय दिया। मैं यही बातें आपके द्वारा सरकार से अर्ज करना चाहता था। आशा है सरकार इन पर विचार करेगी।

चौ. शिव राम वर्मा (नीलोखेड़ी): आदरणीय उपाध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य चौ. चान्द राम जी ने शामलात जमीन के विशय में कहा और उस शामलात जमीन को छोड़ने का सुझाव दिया है। मुझे भी मालूम है कि शामलात जमीन के काफी झगड़े हैं। ये समाप्त होने चाहियें।

Deputy Speaker: I would request the hon. Member that he should speak only on the bill under discussion.

सिंचाई एवं बिजली मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त): आन ए प्वायंट आफ आर्डर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा ख्याल है कि

जो बिल का स्कोप है उसके अन्दर मैम्बर साहिबान बोल सकते हैं। रूल्ज के मुताबिक तो ऐसा है। इस बिल में जो अमैंडमैंट आयी है उसमें सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने में छः महीने के पीरियड की बजाए 12 महीने कर दिये हैं। यहां पर शामलात देह की जमीन का कैस जिक्र आ गया? यदि मैम्बर साहिबान को वैसे ही बोलने का शौक है तो दूसरी बात है।

चौ. शिव राम वर्मा: डिप्टी स्पीकर साहब मैं तो सुझाव दे रहा हूं।

चौ. राम लाल वधवा: मूल अधिनियम की धारा 103 के अन्दर ये सारी बातें लिखी हुई हैं।

Deputy Speaker: You cannot give 'sujhav'. You can speak on the bill before the House and I would request you to confine yourself to the bill before the House.

चौ. शिव राम वर्मा: अब जो सरकार की ओर से संशोधन आया है, उसमें छः महीने की बजाए एक साल है यानी सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव छः महीने की बजाए साल भर में हो। मैं समझता हूं इस बात पर झगड़ने या कहने की कोई बात नहीं है। अगर किसी सरंपच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पास भी कर दिया गया हो तो उस पर कार्यवाही करने में साल भर लग जाता है। जहां सरकार ने छः महीने का टाईम अविश्वास प्रस्ताव के लिए रखा हुआ था उसको अमल में लाने के लिए एक साल और लगता है तो इसमें एक साल करने से कोई फर्क नहीं पड़ता

है। यह कोई झगड़े की बात नहीं है। मैं सरकार के नोटिस में एक बात लाना चाहता हूं कि जब हरियाणा के मुख्यमंत्री के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोई मियाद नहीं है तो सरपंच के लिए मियाद क्यो हो? अब इसी सैशन में उसके विरूद्ध अविश्वास–प्रस्ताव आ सकता है, चाहे एक महीने के बाद जब सैशन आये तो फिर अविश्वास प्रस्ताव आ सकता है। जब मुख्यमंत्री के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोई मियाद नहीं है तो सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने में क्या आपत्ति है? अगर कोई सरपंच अच्छा काम नहीं करता है, उसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की मियाद छः महीने की बजाए एक साल बढ़ाना मनमानी करने देने की छूट देने वाली बात है। जहां कुछ सदस्यों ने यह कहा कि छः महीने की मियाद ही ठीक थी एक साल की नहीं होनी चाहिए साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि इन–डायरैक्ट चुनाव की बजाए सरपंचों का चुनाव सीधा होना चाहिए। इसकी एक भी मिसाल आपको नहीं मिलेगी जिसमें सीधे चुनाव होने के बाद किसी सरपंच के खिलाफ एक ही अविश्वास प्रस्ताव पास हुआ हो। इसकी एक भी मिसाल नहीं मिलेगी क्योंकि ऐसा हो ही नहीं सकता। सरपंच को छूट होती है, इसलिये वह पंचों की परवाह नहीं करता। डायरैक्ट चुनाव से तो सरपंच पर पंचों का कोई दबाव ही नहीं है। वह किसी भी पंच की परवाह करे या न करे और जो मर्जी आये करता रहे। डायरैक्ट चुनाव की प्रथा क्यों हटाई गई? पहले इनडायरैक्ट चुनाव होता था। सरदार प्रताप सिंह कैरों के वक्त में डायरैक्ट चुनाव कियाग या था लेकिन

बाद में उसमें संशोधन करके उसाके फिर उसी तरह से इन–डायरैक्ट कर दिया गया। यह सब तजुर्बे की बिना पर हुआ क्योंकि सरपंच के डायरैक्ट चुनाव से गांव में पार्टीबाजी पैदा हुई और वह पार्टीबाजी को थोड़ी–बहुत नहीं, बहुत बढ़ी, इससे लोगों में दुश्कनियां बढ़ीं और पंचायत ठीक तरह से काम नहीं कर सकी। इसलिये फिर से यह इन–डायरैक्ट चुनाव की प्रथा लायी गयी कि पंचों में से सरपंच का चुनाव हो ताकि पंचों का सरपंच पर कुछ न कुछ दबाव रहे और यह ठीक तरह से काम करता रहे .....(घंटी)

Deputy Speaker: Please wind up your speech.

चौ. शिव राम वर्मा: मैं जल्दी ही खत्म कर रहा हूं। मैं यह चाहता हूं कि कोई मियाद ही नहीं होनी चाहिये। जब चाहें पंच सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर सकें, ऐसा होना चाहिये। एक दूसरी बात सुपरसैशन या सस्पैंशन की आई है। मैं यह कहूंगा कि इसमें भी केन्द्रीकरण करने की कोशिश करना, डैमोक्रेसी के लिये कोई अच्छी बात नहीं है। इसमें पंचायतों के ऊपर यह डर बना रहेगा कि सरकार पता नही कब नाजायज हो जाये, जब नाराज होगी, उसी वक्त हमें सुपरसीड कर देगी। अगर वह गलत ढंग से भी सुपरसीड कर दे तो फिर हाई–कोर्ट में जायेंगे तो 6 महीने या साल तो अवश्य लगेगा, हजारों रूपये खर्च होंगे। फिर कहीं उसका नतीजा निकलेगा। इसलिये उनके ऊपर किसी भी काम को करते वक्त एक भय का वातावरण बना रहेगा। मेरा कहना यह है कि इस तरह से कोई बात नहीं होनी चाहिये

कि इस चीज का ज्यादा नाजायज इस्तेमाल हो अच्छा जनतंत्र नीचे से पनपता है। पंचायत हमारी प्राइमरी इकाई है। उसको काम करने का पूरा मौका मिलना चाहिए। गलतियां वे भी कर सकती हैं जैसे सरकार भी करती है। वे गलतियों भी कर सकती हैं लेकिन वे सुधारी जा सकती हैं बजाये इसके कि उनको ..... (व्यवधान) देखियें, इन संशोधनों क खिलाफ कहते–कहते मैं यह सुझाव भी साथ–साथ देना चाहता हूं कि सरकार इसके बजाए क्या करें? जो यहां पर यह बात अभी आई है सुपरसैशन और सस्पैंशन की, सरकार इसकी तरफ से ध्यान हटाकर गांव के नक्शे बनसा दे। इससे बहुत से झगड़े हल हो सकते हैं। (Interruptions)

Deputy Speaker: No interruptions please.

चौ. शिव राम वर्मा: गांव के नक्शे बनने से बहुत से झगड़े हल हो जायेंगे यह सुझाव पहले भी कई बार आ चुका है ... .(व्यवधान)

Deputy Speaker: No repetition please.

चौ. शिव राम वर्मा: रैपीटीशन तो आपकी सरकार भी कई बार करती है। हम तो सही बात करते हैं कि गांव के नक्शे बनाने से बहुत से झगड़े हल हो जायेंगे।

Deputy Speaker: This is again a repetition of the things already said.

चौ. शिव राम वर्मा: मैं यह चीज इसलिये दोबारा ध्यान में लाना चाहात हूं क्योंकि सरकार ने इस तरफ ध्यान दिया है। गांव के नक्शे न बनने की वजह से झगड़े बहुत बढ़े हैं और इसकी वजह से भी पंचायतों में पार्टीबाजी हुई है। लोग दुश्मनी निकालने के लिये प्राईवेट जगह को भी पंचायत की जगह बनाने के लिये अर्जी दे देते हैं। यदि नक्शे बन जायें तो इस तरह के सारे झगड़े निपट जायेंगे और लोग उसके मुताबिक ही अपने मकान बनायेंगे।

Deputy Speaker: I will request the Hon. Member to speak on the Bill. No repetition. आप चीज को दोहरा रहे हैं। ... . (व्यवधान एवं शोर)

चौ. शिव राम वर्मा: इसके साथ मैं कहूंगा कि पंचायतों तथा पंचायत समितियों के सदस्यों के चुनाव के लिए अलग हलके बनाए जाएं ताकि चुनाव आसान हों। आप कहती हैं तो मैं स्पीकर बन्दर कर देता हूं। मैंने इस संशोधन का, जो यहां आया हे, विरोध इसलिये किया है क्योंकि इससे कोई सुधार होने वाला नहीं है। इसके बजाये जो सुझाव यहां दिये गये हैं, उनको संशोधरन के रूप में लाया जाये तो उससे ज्यादा लाभ हो सकता है। इसलिये मैं आशा करूंगा कि अगर मंत्री महेादय इसको वापिस लेकर इसकी बजाये दोबारा अच्छे संशोधनों के साथ आयेंगे तब हम भी उनका स्वागत करेंगे और उनको सहयोग देंगे। इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

Revenue Minister (Pandit Chiranji Lal Sharma): Madam Deputy Speaker, it is for my distinguished colleague, Col. Maha Singh to the speak on the Bill. Since a reference was made to a particular village by the Hon. Member from the Opposition. Chaudhri Chand Ram, I thought it better to throw some light on the amendments. If I am not wrong, the Hon. Member from the Opposition has not cared to read the amending Bill in between the lines. The Hon. Minister will speak on it with detail. A reference was made with regard to Village Mohrana. I do not deny theat there is a long standing litigation between the non-proprietors, specially Harijans, and proprietors of the village. I had been a standing counsel for 12/13 years for the non-proprietors and the case has gone to the Supreme Court. It is with a view to facing such cases, it is with a view to finding solution to such complicated matters that this amendment is being made in the Bill. Previously the Government had no such power.

Chauhri Chand Ram: How?

Pandit Chiranji Lal: Please read the Statement of Objects and Reasons.

Chaudhri Chand Ram: When the case is pending in the court of law, how can the Govrnment protect the property?

Pandit Chiranji Lal: The case had gone to the Supreme Court and decided and my Hon. friend from the Opposition has stated that the Panchayat does not do anything. The Government thought of finding solution to such problems by appointing the Administrators. If the Hon. Member cared to read proposed Section 103, he will find that

there is a big change (**At this stage Mr. Speaker occupied the Chair**.)

Section 103 (2) (b) reads_

"the funds and other property vested in the Gram Panchayat shall vest in the Government".

(INTERRUPTIONS & NOISE)

Mr. Speaker: No direct talks please.

Chaudhri Chand Ram: What about plots to non-proprietors....(Noise)

Pandit Chiranji Lal Sharma: A reference was made to the Supreme Court decision. The decision of the Supreme Court needs no comment. But our Government has taken a decision, and is implementing it to give plots, to all such non-proprietors who do not own or have a residential house in the villages. That policy is being implemented. (Noise...) Those who do not own house, atleast a plot measuring about 100 yds. or so is to be given. (Nois...)

Mr. Speaker: No interruptions like this please.

Chaudhri Chand Ram: There are standing instructions from the Government of India.... (Noise & Interruptions)

Pandit Chiranji Lal Sharma: A reference was made to the collusive decrees in collusion iwht the Panchayats. This is a fact that collusive decrees are passed. Now what is the remedy? The Government had to amend the Act. The Members

of the Opposition are blowing hot and cold in the same breath. They smell a rat inthe bones of the Government. This is the last working day of this session and they have the last opportunity to give vent to their views, otherwise this amending Bill did not need so much discussion. The Hon. Members of the Opposition were speaking as if they were speaking on the Budget or the Governor's Address. This amending Bill required no such debate. They should have no reason to doubt the Bonafides of the Government if we do something in the interest of the public, inthe interest of the villages, in the interest of the panchayats. They should co-operate with us ratherthan throw heaps of abuses or do unnecessary criticism of the Government. They are our part and parcel and we would certainly welcome suggestions if they are useful. But suggestions are not there. There is criticism only for the sake of criticism. They know that fully. They do realise that the amending Bill is a good one but since they are sitting on the Opposition Benches they have their duties to discharge..... (Interruptsions & Noise) I think they are fed up with it. (Interruptions)

Mr. Speaker: No interruptions please.

Pandit Chiranji Lal Sharma: Mr. Speaker, I would submit that the Bill be passed.

सिचाई एवं बिजली मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त): कुछ तो भले आदमी भी हैं (हंसी) .....

चौ. चांद राम: कभी तो ये भी यहां बैठते थे। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: यह यहां बैठने का और वहां बैठने का झगड़ा हरियाणा में काफी हो चुका है।

विकास मंत्री (कर्नल महा सिंह): अध्यक्ष महोदय, माननीय मैम्बरान ने इस बिल के मुताल्लिक बहुत सारी बातें कहीं। यह एक छोटा सा बिल था और जैसा कि मेरे साथी पंडित चिरंजी लाल ने बताया कि इसमें और पहले बिल में कोई बड़ा अन्तर नहीं है, सिर्फ तीन छोटी–छोटी बातें है? पहली तो यह है कि छह महीने की बजाए अब एक साल तक सरपंच के खिलाफ नो–कौंफिडैंस नहीं लाया जा सकता। यह नयी तजवीज है। पहले दो तिहाई मैजोरिटी ने नो–कौफिडैंस लाया जाता था लेकिन बाद में तजुर्बे से देखा गया कि दो तिहाई की बजाए आधी जैसे कि हाउस में हम नो–कौंफिडैंस ला सकते हैं इसी तरह से पंचायत में उसी मैजोरिटी से नो–कौंफिडैंस लाया जाए। यह अमैंडमैंट 1971 में इसी हाउस में पास की गई लकिन उसके बाद देखा गया कि छह महीने कर देने से बहुत ज्यादा नो–कौंफिडैंस आने लगे और करीब–करीब आठ सौ नो–कौंफिडैंस आए। जो सरपंच नेक–नीयती से गांव का विकास करना चाहता था उसी के खिलाफ दूसरे पंच नो–कौंफिडैंस ले आते थे। इसलिए यह सोचा गया कि छह महीने के अर्से को एक साल बढ़ा दिया जाए जिससे कि गांव का विकास करने का उसे अच्छा मौका मिल सके। माननीय सदस्य देखेंगे कि इसका नतीजा अच्छा होगा। गांव में पंचायतों में जो झगड़े चल रहे हैं वे झगड़े इससे कम हो जाएंगे।

दूसरी बात जो सैक्शन 103 में छोटी सी अमैन्डमैंट रखी है उसे बहुत बढ़ा–चढ़ाकर कहा है। सस्पैन्शन और सुपरसैशन, यह प्रोविजन तो पहले ही है। इसकी बाबत अब कुछ कहना भूल थी और खामखाह टाईम वेस्ट किया गया। अगर पहले के और अब के इस ऐक्ट को पढ़ा जाए तो मालूम होगा कि सिर्फ 2 (सी) में अन्तर है। इसमें लिखा है –

"all powers and duties of the Gram Panchayat shall, except judicial functions, be exercised and performed by such person as the State Government may apoint in this behalf."

तो यह एक छोटा सा अन्तर इसमें है कोई और अन्तर नहीं है और इसकी भी जरूरत यों पड़ी जैसा कि माननीय सदस्यों ने खासतौर पर बताया कि गांव की पंचायतों पर कौलेसिव डिग्री आ रही है, नाजायज कब्जे हो रहे हैं। स्पीकर साहब, अगर हम पंचायत को सुपरसीड कर देते हैं तो उन कौलेसिव डिग्रीज को बचाने के लिए, डिफैन्ड करने के लिए कोई नहीं होता था। सरकार अब एडमिनिस्ट्रेटर मुकरर्र कर सकेगी। बी.डी.पी.ओ. को एडमिनिस्ट्रेटर इसलिए मुकरर्र किया जाएगा ताकि अदालतों के जरिए जो कौलेसिव डिग्रीज होती हैं उनसे पंचायतों को बचाया जा सके। यह गांव की भलाई के लिए की गई है, गांव के उत्थान के लिए यह चीज की गई है।

तीसरी जो बात है वह पंचायत की प्रापर्टी को नुक्सान पहुंचाने पर जुर्माना के मुताल्लिक है। इसमें सब कुछ लिखा है। मैं

ज्यादा डिटेल में नहीं जाता। पहले यह जुर्माना 25 रूपए था लेकिन वह जुर्माना बढ़ाकर 25 रूपए से 100 रूपए कर दिया है जिससे कि पंचायत की प्रापर्टी को कोई नुक्सान न पहुंचाए। साथ ही साथ यह बताया गया है कि उस जुर्माने या नुक्सान को किस तरह रिकवर किया जाएगा और उस नुक्सान को कौन असैस करेगा? यह चीज पहले सोची नहीं थी और अब इसमें यह अमैंडमैंट लायी गयी है इसमें ऐसी कोई बात नहीं है।

मेरे एक साथी ने, खासतौर पर चौ. चांद राम ने गोलागढ़ के बारे में कहा कि वहां पंचायत नहीं है। स्पीकर साहब, वहां तो .....

मुख्यमंत्री (चौ. बंसी लाल): गोलागढ़ में हमेशा से पंचायत रही है। वहां का सरपंच हरिजन है, वहां का सरपंच चमार है, अगर चौ. चांद राम उसको हटवाना चाहे तो और बात है (व्यवधान) स्पीकर साहब, गोलागढ़ गांव बगैर पंचायत के एक दिन भी नहीं रहा। गोलागढ़ का सरपंच तो पूरे हरियाणा का सरपंच है (हंसी)।

कर्नल महा सिंह: चौ. अमर सिंह ने एक गांव का जिक्र किया, उन्होंने एक बात बताई। मैं इसके बारे में बताया चाहता हूं कि इसकी जांच कराई जाएगी और माननीय मैम्बर को बताया जाएगा और सरकार उसमें पूरा इन्साफ करेंगी। सरकार की नीति पंचायतों को अच्छा करने की है, सुधार करने की है और इसके

लिए कई कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री जी खुद हर जिले के अन्दर गए हैं। वहां पंचों और सरपंचों को बुलाय गया। उस जिले के सब एम.एल.एज. और एम.पीज. को भी बुलाया गया। वहां पर उन पंचों और सरपंचों को समझाया गया कि गांव में पार्टीबाजी छोड़कर गांव का विकास करें। गांवों में पार्टीबाजी नहीं होनी चाहिए। गांवों को इस तरह का बनाएं जैसा कि गांधी जी का गांवों के बारे में स्वप्न था ताकि गांवों के लाग शहरों की तरफ न जाएं जबकि हम गांवों को हर तरह की अमैनीटीज दे रहे हैं। मुख्यमंत्री केवल हिसार नहीं गए हैं, हिसार भी जाने वाले हैं। उनको समय नहीं मिला है। तो बगैर पार्टी के, कांग्रेस की तरफ से नहीं बल्कि सब पार्टीज की तरफ से इस किस्म के जलसे किए गए हैं और पंचों तथा सरपंचों को बुलाया गया है और समझाया गया है कि गांव में एकता रखें, पार्टीबाजीसे दूर रहकर गांव का विकास करें और गांव के कल्याण की भावना रखें। स्पीकर साहब, साथ ही सदन को मैं यह भी बताना चाहता हूं कि सरकार एक बिल बना रही है कि गांवों में शामलात लैंड है जिस पर नाजायज कब्जा है, कौलेसिव डिग्रीज हैं उनको किस तरह से हम दुरूस्त करें और फिर उस जमीन को किस तरह से शामलात जमीन बनाएं, इस पर सरकार गौर कर रही है। जल्दी ही वह बिल सदन के सामने आएगा। इन शब्दों के साथ मैं सदन से दरख्वास्ता करूंगा कि यह जो बिल है, गांव की भलाई के लिए, पंचायत के फायदे के लिए, यह पास किया जाए।

Mr. Speaker: Question is –

That the Punjab Gram Panchayat (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will take up the Bill Clause by Clause.

Clause 2

Mr. Speaker: Question is –

That Clasue 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Development Minister (Col. Maha Singh): Sir, I beg to move–

That in the proposed section 103 (1), for the word "supression" occur ring twice, subsitute the words "suspension or suspersession" and for the word "Suspersede" subsitute the words "suspend or supersede."

Mr. Speaker: Motion moved –

That in the proposed section 103 (1), for the word "supression" occur ring twice, subsitute the words

“suspension or suspersession” and for the word “Suspersede” subsitute the words “suspend or supersede.”

Mr. Speaker: Question is –

That in the proposed section 103 (1), for the word “supression” occur ring twice, subsitute the words “suspension or suspersession” and for the word “Suspersede” subsitute the words “suspend or supersede.”

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is –

That Clasue 3, as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 4

Mr. Speaker: Question is –

That Clasue 4 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is –

That Clasue 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is –

That the enacting formula be the enacting formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is –

That the title be the title of the Bill.

The motion was carried.

Development Minister (Col. Maha Singh): Sir, I beg to move–

That the Punjab Garm Panchayat (Haryana Amendment) Bill, as amended be passed.

Mr. Speaker: Motion moved –

That the Punjab Garm Panchayat (Haryana Amendment) Bill, as amended be passed.

चौ. चांद राम: स्पीकर साहब, ज्यादा समय नहीं लूंगा लेकिन माल मंत्री जी ने कहा था कि पहले इस बात का प्रोवीजन नहीं था। पहले सैक्शन 103 को हम देखते हैं कि उसमें यह सारा लिखा हुआ था –

"(b) The funds and other property, if any, vested in the body shall be disposed of in such manner, as Government may direct."

और फिर सैक्शन 109 में भी लिखा है उसमें मैं जाना नहीं चाहता। मैंने इतना कहा था और अब भी कहता हूं कि कई बार पंचायतों की जमीन खुर्दबुर्द हो जाती है और फिर गांव के लोग बी.डी.ओं. और डी.सी. को दरखास्तें देते हैं। अगर पहले ही दरख्वास्त पर गौर कर लिया जाए तो उससे शामलात जमीन खुर्दबुर्द न होगी। स्पीकर साहब, बिल में जो कुछ कहा गया है अगर उसे कार्यान्वित करने के लिए पहले ही सही कदम उठाएं जाएं तो हमारे गांवों की हालत खराब न होगी।

Mr. Speaker: Question is –

That the Punjab Garm Panchayat (Haryana Amendment) Bill, as amended be passed.

The motion was carried.

हरियाणा लोक सेवा आयोग के 1 अप्रैल, 1972 से 31 मार्च, 1973 तक की अवधि के कार्यकरण के वार्शिक प्रतिवेदन पर चर्चा

State Minister for Irrigation and Power (Sardar Harmohinder Singh Chatha): Sir, I beg to move –

That the annula Report on the working of the Haryana Public Service Commission for the period from 1st April, 1972 to 31st March, 1973, which was laid on the table of the House on 8th July, 1974, be disucssed.

Mr. Speaker: Motion moved –

That the annula Report on the working of the Haryana Public Service Commission for the period from 1st April, 1972 to 31st March, 1973, which was laid on the table of the House on 8th July, 1974, be disucssed.

Mr. Speaker: Motion moved –

That the annula Report on the working of the Haryana Public Service Commission for the period from 1st April, 1972 to 31st March, 1973, which was laid on the table of the House on 8th July, 1974, be disucssed.

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, यह जो पब्लिक सर्विस कमिशन की ऐनुअल रिपोर्ट इस हाउस में प्रस्तुत हुई है, वैसे तो इस रिपोर्ट के बारे में क्या कहा जाए? पिछली रिपोर्ट 84 सफे की थी और यह 12 सफे की है और पिछली रिपोर्ट में सरकार की सारी कारगुजारी लिखी हुई थी। अब अन्त में इसमें सरकार की एप्रीशीएशन कर दी गई है। सरकार और पब्लिक सर्विस कमिशन का लिंक अब ठीक पड़ गया है लेकिन स्पीकर साहब, इतना होते हुए भी कुछ बोलना चाहूंगा कि रिपोर्ट के पहले

पेज पर लिखा है – "that Government have not accepted the advice of the Public Service Commission." अब कांस्टीच्युशन की आर्टीकल 320 (3) जो है, उसक अन्दर यह क्लीयर लिखा हुआ है कि जो भी अप्वांयटमैंट, रिक्रूटमैंट होंगी, उसके बारे में पब्लिक सर्विस–कमिशन को कंसल्ट किया जाएगा। मैं यह विधान की इस धारा को पढ़ देता हूं –

"320 (3) The Union Public Service Commission or the State Public Service Commission, as the case may be, shall be consulted –

(a) on all matters relating to methods of recruitment to civil services and for civil posts;

(b) on the principles to be followed in making appointments to civil services and posts and in making promotions and transfers from one service to another and on the suitablility of candidates for such appointments, promotions or transfers."

तो स्पीकर साहब, पब्लिक सर्विस कमिशन ने लिखा था कि रूल 6.2 को अमैंड किया जाए। अब उसमें तीन चीजें आई थीं। पहली थी –

"If, in the opinion of the appointing authority the work or conduct of a person during the period of probation is not satisfactory, it may, if such person is recruited by direct appointment, dispense with his service."

6.3 बी (i) में है –

"On the completion of the period of probation of a person, the appointing authority may, if his work or conduct has not been, in its opinion, satisfactory dispense with his services, if appointed by direct appointment or if appointed otherwise, revert him to his former post, or deal with him in such other manner as the terms and conditions of his previous appointment permit."

नम्बर 12 रूल में है –

"Where the Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons."

तो अब इस पर पब्लिक सर्विस कमिशन ने जो सुजैशन भेजी थी उसमें उन्होंने कहा था कि – "in consultation with the Commission" उसमें कहा गया कि चाहे वह परमानैन्ट हो, टैम्परेरी हो, प्रोबेशनल हो, वे सभी पब्लिक सर्विस कमिशन के परव्यू में होगी। स्पीकर साहब, अब जब कि गवर्नमैंट का लिंक पब्लिक सर्विस कमिशन से ठीक पड़ गया है तो अभी एक सजैशन जो कमिशन ने भेजी है उसकी भी सरकार नहीं मान रही है .....

मुख्यमंत्री (चौ. बंसी लाल): आप खुद ही कन्ट्राडिक्टरी स्टेटमैंट दे रहे हो। एक तरफ तो आप कह रहे हैं कि अब गवर्नमैंट का और कमिशन का कोई झगड़ा नहीं रहा और दूसरी तरफ कह रहे हो कि गवर्नमैंट ने उसकी सजैशन को नहीं माना।

चौ. राम लाल वधवा: मैं तो यह कहता हूं कि रूल 32 में यह लिखा है –

"32 The Commission are grateful to the State Government and all heads of departments for extending full co-operation and giving due consideration to the advice of the Commission."

अब मैं इस पर भी हैरान हूं कि एक तरफ कमिशन सजैशन दे रहा है लेकिन गवर्नमैंट मान नहीं रही और उसके साथ ही रिपोर्ट के पैरा 32 में वह गवर्नमैंट की एप्रिसिएशन कर रहा है कि गवर्नमैंट ने हमारी बात को माना है। (विघ्न) मैं कहना चाहता हूं कि पब्लिक सर्विस कमिशन ने जो सजैशन दी थी, सरकार को वह माननी चाहिये थी (विघ्न) इसके बाद रिपोर्ट के पेज 4 के पैरा 12 में लिखा है –

"12. In April, 1972, the State Government sent a proposal to the Commission for exclusion of the posts of Deputy Director, Tourism, Assistant Director, Tourism and Cost Accountant, from the purview of the Commission on the ground that the department was engaged in a large number of schemes aimed at promotion of tourism in the State and that it was feared that the implementation of the schemes would be delayed if the requisite staff was not recruited expeditiously and that the recruitment of the staff through the Commission was likely to take longer than was considered desireable. The Commissiion was not inclined to accept the reasons advanced by the department and suggested a meeting to work out an expeditious method of recruiment....."

तो स्पीकर साहब, मेरा कहने का मतलब यह है कि पिछले साल की जो रिपोर्ट है .....

चौ. बंसी लाल: इसको पूरा तो पढ़ दो।

चौ. राम लाल वधवा: इसको पूरा तो पढ़ दो।

"..... Accordingly, a meeting was held between the Commission and the representatives of the Government. Ultimately these posts were not taken out of the purview of the Commission."

मैं जो बात कहने लगा हूं वह यह है कि सरकार को वहां से पोस्टें निकालने का शौक क्यों है? पब्लिक सर्विस कमिशन के कांस्टीच्यूशन के अन्दर .....

चौ. बंसी लाल: स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि कया आनरेबल मैम्बर उस बात को रैफर कर सकते हैं जो अन्डर डिस्प्यूट नहीं है। कमिशन की भी यही राय है और गवर्नमैंट ने भी यही मान लिया है। तो यह कहने का क्या मतलब है कि इसका उल्लेख ही नहीं है। Does the hon. Member wish that the Report should not be there at all?

चौ. राम लाल वधवा: मैं यह कह रहा हूं कि सरकार को इस किस्म का लिखने का फायदा ही नहीं है क्योंकि कमिशन मानेगा नहीं।

श्री अध्यक्ष: क्या इसमें पोस्टों के विदड्रा करने का जिक्र है?

चौ. राम लाल वधवा: जी हां, इसमें डिप्टी डायरैक्टर और असिस्टैंट डायरैक्टर वगैरह का जिक्र है .....

Ch. Bansi Lal: What is there to mention ?

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, मैं तो यह कह रहा था कि सरकार को वे पोस्टें एक्सक्लूड नहीं करनी चाहिए थीं ....

Mr. Speaker: When the posts are not excluded actually .....

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, इसके अन्दर यह लिखा है कि मीटिंगें होती हैं और टाईम लगता है तो मैं कहता हूं कि अगर वही टाईम रिक्रूटमैंट के अन्दर लगाएं तो बेहतर होगा। यह बात रिपोर्ट के पेज 5 पर पैरा 18 में लिखी है कि –

"II-B Recruitment to Posts Under the Local Authorities in Haryana

18. The Commission received 7 cases of recruitment under Local Authorities as detailed in Part II of Appendix 'B' during the year unde report. The Commssion could recommend suitable candidates only in three cases. In four cases, inability to recommend any candidates on the basis of advertised conditions was expressed."

इसी तरीके से पैरा 13 में लिखा है –

"II-Recruitment by Selection

13. The Commission dealt with 63 cases (as against 56 in the year 1971-72) of recruitment by selection for filling up 184 posts involving 1667 applicants, mentioned in Appendix 'B' Part I. On subsequent requests made by the Appointing Authorities, some additional names from the waiting lists were also recommended by the Commission. 46 posts were reserved for members of Scheduled Castes/Tribes and Backward Classes of Haryana State as shown in Appendix 'B' Part I. The Commission were aboe to recommend only 3 candidates belonging to Scheduled Castes of Haryana a shown in Appendix 'B' Part I. This was due to general paucity of qualified candidates belonging to these categories."

तो मेरे कहने का जो भाव है वह यह है कि क्वालिफिकेशन फिक्स करते वक्त यह देखता चाहिये। कई केसिज में देखने में आया है कि अगर किसी को एडहोक बेसिज पर था सिक्स मंथ बेसिज पर लगाता है तो उसकी क्वालिफिकेशन ऐसी फिक्स कर दी जाती है कि उस क्वालिफिकेशन का कोई दूसरा कैंडीडेट न आ सके और वही आदमी कंटिन्यू करता रहे। सरकार जो क्वालिफिकेशन फिक्स करे वह ऐसी होनी चाहिये कि उसके लिये कैंडिडेट मिल सकें और पब्लिक सर्विस कमिशन के द्वारा वे आ सकें। अगर ऐसा नहीं होगा तो सरकार ऐसे आदमी लगाती रहेगी जो अच्छी तरह से काम नहीं कर सकते। इसलिये

क्वालिफिकेशन ऐसी फिक्स की जाए जिससे बगैर दिक्कत के कैंडिडेट मिल सकें। पहले इन्होंने रीजन दिया था कि अगर हम पब्लिक सर्विस कमिशन के द्वारा लेते हैं तो वहां देर लगती है इसलिये हम इन पोस्टों को कमिशन के परव्यू से निकालना चाहते हैं। उसके बाद अगर कोई पोस्ट कमिशन के परव्यू से नहीं निकली तो उसके लिये क्वालिफिकेशन ऐसी रख देते हैं कि उस क्वालिफिकेशन का कैंडीडेट नहीं मिलता .....

Mr. Speaker: No repetition please.

चौ. राम लाल वधवा: अच्छा जी, तो इसके बाद में पेज 6 पर आता हूं उसमें लिखा है –

"Very few candidated showed good grasp of the subject. The answers revealed lack of understanding of the subject and absence of application. The subject matter was confused and the expression was weak. Many avoidable errors were committed. All this calls for special coaching and practice in writing answers to questions. More practical experience was also necessary.

तो यह एक ऐसी चीज है कि जो भी कैंडीडेटस आते हैं वे उतने स्टैंडर्ड के नहीं आते जितने स्टैडर्ड के होने चाहियें इसलिये मैं कहूंगा कि जो लोग एच.सी.एस. वगैरह के लिये पब्लिक सर्विस कमिशन के द्वारा सलैक्ट होते हैं उनके लिये सरकार की तरफ से कोचिंग सैन्टर्ज खोलने चाहियें ताकि उनको अच्छी तरह से ट्रेनिंग मिल सके। दूसरे यहां यह कहा जाता है कि

डिले होती है तो वहां यह भी होता है कि पब्लिक सर्विस कमिशन ने जो पोस्टें सलैक्ट की हैं या एस.एस.एस. बोर्ड ने जो जे.बी.टी. पोस्टों के लिये सलैक्शन की है .....

Mr. Speaker: Order please. There is no mentioned of J.B.Ts. and Suborbinate Service Selection Board in the Report of the Public Service Commission.

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, मेरा इसमें कोई और मतलब नहीं था मैं तो रैफरैंस दे रहा था .....

Mr. Speaker: Order please. You are discussing the Report of the Public Service Commission.

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, मेरे कहने का भाव यह था कि कैडीडेटस के सलैक्ट होने के बाद भी पोस्टें सरकार के बक्सों में बन्द पड़ी रहती हैं और काफी अर्से तक नहीं भरी जाती। उधर सलैक्शन होने के बाद लोग यह सोचत हैं कि हमारी अप्वायटमैंट होगी और हमारी बेकारी दूर होगी। इसके बाद अन्त में मैं इस रिपोर्ट के पेज 9 पर आता हू जो टैम्पोरेरी अप्वायटमैंटस के बारे में है। मैं इसके बारे में पहले भी कह चुका हूं इसलिये सारा नहीं पढूंगा। इसमें लिखा है कि रिपोर्टाधीन साल के दौरान कमिशन को 714 टैम्पोरेरी पोस्टों के बारे में कंसल्ट किया गया जबकि उससे पिछले साल 399 पोस्टों के बारे में सलाह मश्विरा लिया गया था। बाकी पोस्टस में नहीं लिया गया। यह कोई अच्छी बात नहीं। सरकार अगर किसी पोस्ट को कन्टिन्यू

करती है तो लाजमी तौर पर उसे कमिशन से कन्सल्ट करने के बाद ही उस पोस्ट को कन्टिन्यू करना चाहिये। इसके साथ ही दूसरी बात यह है कि यह जो टैम्पोरेरी पोस्टिग का तरीका है इसको मिनीमाइज करना चाहिये। टैम्परेरी एप्वांयटमैंट उसी हालत में ही की जाये जब किसी भी हालत में अच्छी क्वालीफिकेशन का आदमी न मिलता हो। टैम्पोरेटी एप्वायंटमैंटस करने से स्टेट को नुक्सान होता है क्योंकि ऐसे मुलाजिम टैम्पोरेरी होने के नाते स्टेट के काम में स्टेट के विकास के काम में इन्ट्रैस्ट नहीं लेते। इसकी वजह यह है कि उनका पता होता है कि 6 महीने के बाद तो उन्होंने चले जाना है इसलिये 6 महीने की तनख्वाह अपनी जेब में डालो उसके बाद पता नहीं पोस्ट कन्टिन्यू होगी या नहीं। इसलिये मेरी अर्ज है कि इस बात को कम से कम करना चाहिये। इस रिपोर्ट के पेज 10 पर पैरा 25 के अन्दर कहा गया है:

"As stated in para 35 of the previous report, the Commission have been emphasizing upon the importance of framing Service Rules for posts for which either this has not been done at all or where the Service Rules have with the passage of tieme become obsolete. Absence of Service Rules creates difficulties in decidiing promotion, recruitment and seniority cases. It is, therefore, very necessary that Service Rules are framed without delay for the convenience of the appointing authority and for the information of the prospective candidates."

तो स्पीकर साहब, आप देखें कि 1973 की अपनी रिपोर्ट के अन्दर कमिशन प्वांयट आउट कर रहा है कि सरकार सर्विस रूल्ज नहीं बनाती है। डिटेल्ज को मैं दोहराना नहीं चाहता क्योंकि सब इसमें दी हुई हैं लेकिन आप देखें कि हरियाणा बने आठ साल हो गये लेकिन आठ साल गुजर जाने के बाद भी सरकार रूल्ज नहीं बनाती। इस तरह से कोई अच्छी मिसाल कायम नहीं होती है। तो अब अन्त में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि कमिशन ने अपनी रिपोर्ट में जो जो सजैशन दी हैं और जो–जो बातें कही हैं उनको सरकार को मानना चाहिये और उन पर अमल करना चाहिये। इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं जो आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया।

चौ. चांद राम (बबैन–अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब मैं कोई ज्यादा समय नहीं लूंगा क्योंकि बहुत सारी बातें मेरे साथी चौ. राम लाल जी ने कह दी हैं। यह जो रिपोर्ट हमारे सामने है यह पहली अप्रैल 1972 से 31 मार्च 1973 तक की है और अब जुलाई 1974 में हम इस पर डिस्कशन कर रहे हैं। हमें इस बात की कोशिश करनी चाहिये और कमिशन को भी कोशिश करनी चाहिये कि वह अपनी रिपोर्ट समय पर दे। आखिर छोटी–सी तो यह रिपोर्ट होती है और इसे आने में डेढ़ दो साल लग जायें तो ठीक बात नहीं है। कमिशन को यह रिपोर्ट जल्दी देनी चाहिये और सरकार को भी यह जल्दी उन से लेनी चाहिये ताकि पता लग जाये कि हमारा सिलैक्शन का ढंग कैसे चल रहा है। इस रिपोर्ट

के आने से और समय पर आने से गवर्नमैंट को भी फायदा होता है और वह यह कि उसे पता लगता है कि आया जैसे–जैसे आदमी हमको चाहिए और जिस–जिस एक्सपीरियेंस का चाहिये वे मिल रहे हैं या नहीं। इस रिपोर्ट में बहुत कुछ लिखा है और गवर्नमैंअ के ध्यान के लिए बहुत कुछ कहा है। खासतौर पर उन्होंने अंग्रेजी क बारे में कहा है कि अंग्रेजी का स्टैंडर्ड बहुत पूअर था जनरल नालज बहुत पूअर थी इनएडीक्वेट था और भी कई बातें उन्होंने कही हैं सिलैक्शन के बारे में और दूसरी ऐसी बातों के बारे में, और मैं उनके बारे में ज्याद नहीं कहना चाहता क्योंकि यहां पर सब कुछ लिखा हुआ है लेकिन मैं यह जरूर चाहता हूं कि गवर्नमैंट इन बातों पर गौर करे और देखे कि जब हिन्दी हमारी राश्ट्रभाशा हो गई है हमारी मातृभाशा है और हमारे प्रान्त की भाशा है तो मुकाबले के इम्तिहान हिन्दी में क्यो न हों और अंग्रेजी को कब तक हम प्रामीनैंस देते रहेंगे। इससे ज्यादा मैं कोई दलील नहीं देता जो कमिशन ने लिखा है वही काफी है कि अंग्रेजी का नालज बहुत पूअर है। तो अगर ऐसा है तो गवर्नमैंट को इस बात पर सीरियसली गौर करना पड़ेगा कि हमारी जो राश्ट्रीय भाशा है मातृभाशा है हिन्दी उसमें मुकाबले के इम्तिहान कराए जायें। यह बात हम सब जानते हैं कि हमारे स्कूलों कालेजों में जहां यह सारी बुनियाद बनती है वहां हमारा स्टैंडर्ड आफ टीचिंग बहुत पूअर है। पिछले दिनों टीचर्ज में बहुत बेचैनी रही उन्होंने पूरी तवज्जुह नहीं दी और इसका असर आयंदा साल में होगा। उन्होंने जहां जनरल नालज और दूसरे सब्जैक्टस के बारे

में कहा वहां यह भी कहा कि मैथैमैटिक्स में भी बहुतों का नालज ठीक नहीं था। मैं अर्ज करता हूं कि श्री डी.सी. वर्मा के समय में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने कम्पीटीटिव एग्जामिनेशन्ज की तैयारी के लिए एक सैंटर खोला था लेकिन वह ज्यादा देर नहीं चल पाया शायद गवर्नमैंट की स्पोर्ट उसे उस वक्त नहीं मिल पाई। तो गवर्नमैंट इस बात को देखें और वह ऐसे सैंटर्ज खोले जहां न सिर्फ स्टेट सर्विसिज के लिए बल्कि आज इन्डिया सर्विसज के लिये कम्पीटीटिव एग्जामिनेशंज के लिए अलाइड सर्विसज के लिये कैंडीडेटस की तैयारी हो सके और हमारे कैंडीडेटस का स्टैंडर्ड सुधरे और वे मुकाबले पर आयें। शिडयूल्ड कास्टस के बारे में भी इस रिपोर्ट में लिखा है कि नहीं मिले। पटियाला में शिडयूल्ड कास्टस के लिये पंजाब का एक सैंटर है जहां मुकाबले के इम्तिहानों की तैयारी कराई जाती है और उस सैंटर को गवर्नमैंट आफ इन्डिया न सिर्फ सबसिडइज करती है बल्कि उसका सारा खर्च बरदाश्त करती है। ज्वांयट पंजाब में पंजाब यूनिवर्सिटी से हमने यह शुरू करवाया था। कागज हमारे वक्त में चले थे और हमने खुलवाया था। अब पंजाब वाले उसे पटियाला में ले गये। हमारे वैल्फयर मिनिस्टर साहब को कोशिश करनी चाहिये कि जैसे उन्होंने हरिजनों के लिये खासतौर पर एक सैंटर खोला है और भी शायद एक दो सैंटर खोलने की उनकी तजवीज है, हरियाणा में सुबार्डीनेट सर्विसिज के लिये भी और गजेटिड सर्विसिज के लिये भी हरिजनों के लिये सैंटर खोले जायें वरना ये लोग सर्विसिज में नहीं आ सकते। आपकी रिपोर्टस, कमिशन की

सक्सैसिव ईयर्ज की रिपोटर्स इस बात को मानती हैं कि हरिजन मिले नहीं इसलिए नहीं रखे। आप कमिशन की 1970–71 की रिपोर्ट को देख लें। इसमें लिखा है कि कुल 544 पोस्टस थीं जो उस साल पुर की गई और उन में 141 रिजर्व की गई थीं लेकिन कमिशन केवल 14 हरिजन रिकमैंड कर पाया। दूसरी बात यह है कि हमारे फौजी और एमरजैंसी कमीशंड अफसर हैं .....

चौ. बंसी लाल: स्पीकर साहब, इस वक्त जो रिपोर्ट अंडर डिस्कशन है वह 1972–73 की है 1970 की नहीं है। इसलिये मैम्बर साहब रैलेवैंट नहीं बाले रहे हैं।

चौ. चांद राम: यह तो चौ. साहब मैंने रैफरैंस के तौर पर बताया और सही हालात बता रहा हूं कि क्या पोजीशन है। चलो मैं इसी रिपोर्ट पर आ जाता हूं। तो यह जो रिपोर्ट है इसके पेज चार पर यह लिखा है कि 184 पोस्टस फिल–अप की गई और इन में 46 पोस्टस रिजर्व थीं लेकिन कमिशन सिर्फ तीन कैंडीडेट ही रिकमैंड कर सका। मेरे पास पिछले सालों के भी फिगर्ज हैं लेकिन मैं उनको कोट नहीं करता क्योंकि एतराज हुआ है। लेकिन आप मौजूदा रिपोर्ट को ही देखें की क्या हालत है कि कमिशन 46 पोस्टस के अगेंस्ट केवल तीन हरिजन कैंडीडेट रिकमैंड कर पाया। अखबारों को देखों तो उनमें आता है कि साहब हरिजन सब कुछ खा गये, ले गये लेकिन आप देखें कि कागज में तो रिजर्वेशन है मगर एक्चुअल उनको मिलता क्या है। मैं अपनी तरफ से कुछ नहीं कहता आपकी रिपोटर्स को ही कोट कर रहा हूं। इस रिपोर्ट के

अपैंडिक्स को आप देखें। इसमें लिखा है कि हिन्दी और अंग्रेजी के लैक्चरर्ज की पोस्टस रिजर्व थीं लेकिन क्वालीफाइड आदमी नहीं मिमल पाये। यह क्या जाहिर करता है? यह जाहिर करता है कि इन 27 सालों में हरिजनों की इतनी तरक्की हुई है कि हिन्दी के लैक्चरार की पोस्ट के लिए हम हरिजन लड़की तैयार नहीं कर सके और अंग्रेजी के लैक्चरर की पोस्ट के लिये किसी हरिजन को तैयार नहीं कर पाए इन 27 सालों में। इसी तरह से और भी कई पोस्टस हैं इकनामिक्स के बारे में स्टेटिक्स की, हार्टीकल्चर और इन्जिनियरिंग बगैरा की, जिनके लिये हरिजन क्वालीफाइड कैंडीडेट नहीं मिल पाये। यह दलील मैं अपने पास से नहीं दे रहा आपकी रिपोटर्स और आपके आंकड़े खुद बोलते हैं कि ये हालात हैं। इन हालात में गवर्नमैंट का फर्ज बनता है कि वह देखे कि आया क्वालीफिकेशंज और एक्सपीरियेंस कहीं पहले से ज्यादा तो नहीं प्रैस्क्राइब कर दिया? यह जो मशीनरी काम करती है, जो यह ब्योरोक्रेसी है जिसे अकसर कहा जाता है कि यह एंटी हरिजन है, इसके बारे में देखना चाहिये कि क्या कहीं वह तो बीच में नहीं आती जिससे यह दिक्कत पैदा हो रही है? गवर्नमैंट को यह देखना चाहिए कि क्या वजह है कि रिजवर्ड पोस्टस भरी नहीं जा रही हैं और यह देखना चाहियें कि आया उन पोस्टस के लिए क्वालीफिकेशंज तो ज्यादा नहीं रख दीं, कहीं एक्सपीरियेंस तो ज्यादा नहीं रख दिया, उससे ज्यादा जो 10/15 सल पहले था। एक्सपीरियेंस की बात आप खुद समझ सकते हैं, एक्सपीरिएंस तक ही हो सकता है अगर स्टार्ट पहले का हुआ हो लेकिन हरिजन तो

अब नये–नये निकल रहे हैं, इनका न्यूस्टार्ट है इसलिए इन एक्सपीरियेंस वाली बात पर गौर करना होगा और गवर्नमैंट को देखना होगा कि इस डैफिशैंसी को किस तरह से मेक–अप कर सकते हैं। फिर आप देंखे, जैसे कि प्रोमोशंज की बात है। प्रोमोशंज के बारे में यह कहा गया कि रिजर्वेशसन को रिस्टोर कर रहे हैं। जैसे प्रोमोशन का केस है। प्रोमोशनज केसिज में कहा गया है कि हम रिजर्वेशन रिस्टोर कर रहे हैं। मेरे ख्याल में 1961 में कहा गया था कि रिजर्वेशन आफ प्रमोशन हम रिस्टोर कर रहे हैं लेकिन नहीं किया। इस स्थिति में पब्लिक सर्विस कमिशन क्या करेगा? ब्लाक–सिस्टम में कहा गया था कि हमने नहीं बदला। यह मेरे पास सन् 71 का लैटर है जो लेटैस्ट है रिजर्वेशन के बारे में। पब्लिक सर्विस कमिशन ने तो इस लैटर के हिसाब से काम करना है, यह लैटर 10 दिसम्बर, 1971 का है .....

श्री अध्यक्ष: आर्डर प्लीज। जो रिपोर्ट अंडर डिस्कशन है वह रैलेवैंट है?

चौ. चांद राम: पब्लिक सर्विस कमिशन तभी करेगा जब गवर्नमैअ के आर्डर होंगे। इसमें शिडयल्ड कास्टस का एक चैप्टर है .....(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: यह चैप्टर 30 साल पुराना भी हो सकता है .....(व्यवधान)

चौ. चांद राम: नहीं, मैं 30 साल की बात नहीं कर रहा .....

Mr. Speaker: Only the relevant report under discussion is of 1972-73.

चौ. चांद राम: पब्लिक सर्विस कमिशन भेजेंगे वह वैसा ही करेगा, इससे बाहर नहीं जा सकता। तो मैं यह कहना चाहता हूं कि गवर्नमैंअ रिक्विजीशन इस ढंग से करे ताकि उसका पूरी तरह से फायदा हो। अब यह कहते हैं कि ब्लाक सिस्टम किया है। इसके अनुसार हर पांच पोस्टों के अगेन्स्ट 1 वकैंसी शडयूल्ड कास्ट की होती थी। यह मेरे पास सुप्रीम कोर्ट की जजमैंट है हरियाणा गवर्नमैंट वर्सिज क्लर्क। आउट आफ फाईव एक वकेंसी शडयूल्ड कास्टस को दी जा सकती है। मैं इसके लफ्ज कोट नहीं करना चाहता सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट के जजों ने यूनानिमसली कहा है कि यह कांस्टीच्युशन के मुताबिक है लेकिन यहां कास्टीच्युशन के मुताबिक नहीं। स्पीकर साहब यह एक हैल्दी एडमिनिस्ट्रेशन के लिए श्रेयस्कर है, इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कहना चाहता। मैं कारण समझता हूं कि 46 के अगेन्सट 3 पोस्टें हरिजनों को क्यों मिलीं? इसका कारण यह हो सकता है कि बोर्ड के 3 मैम्बरों में से कोई भी शडयूल्ड कास्ट का नुमायंदा नहीं है। अगर होता तो ऐसा कभी नहीं होता। तों मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि 3 में से 1 मैम्बर यानी एक वकैंसी शडयूल्ड कास्टस की हो। शडयूल्ड कास्ट का नम्बर कभी तो आना चाहिए?

ज्वांयट पंजाब में शडयूल्ड कास्टस का एक मैम्बर था लेकिन जब से हरियाणा बना तक से कोई मैम्बर हरिजन नहीं है। इनका यह क्लेम है और जब भी आगे के लिए कोई वकेंसी खाली हो तो एक वकैंसी हरिजनों को दी जाए, इनका नुमायंदा होना चाहिए, यह कांस्टीच्युशनल है। इसके इलावा ब्लाक सिस्टम है 3–8 को। 3–8 की बाबत मैं आपको बताना चाहता हूं कि जो फस्ट वकेंसी थी वह शडयूल्ड कास्टस को जाती थी और हरियाणा गवर्नमैंट की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने होल्ड किया और हरियाणा गवर्नमैंट के लिए यह लाजमी था कि इसको रिस्टोर करती, सुप्रीम कोर्ट के हुक्म को लागू करती लेकिन नहीं किया। पंजाब गवर्नमैंट ने, जिसने अपील नहीं की थी, उसने लागू कर दिया लेकिन हमारी हरियाणा गवर्नमैंट ने लागू नहीं किया। यह गवर्नमैंट के सोचने की बात है, कब लागू करती है।

मैं मानता हूं कि हरिजन संघर्श समिति के एजीटेशन के बाद एक 12 मैम्बर कमेटी बनी थी और उसने कुछ रिकमैंडेशन्ज की थीं, सर्विस मैटर में रिकमैंडशन की थी। इस रिकमैंडेशन्ज का कब सरकार इम्पलीमैंट करती है, यह चीफ मिनिस्अर के बस की बात है कि कब वे दयालू होते हैं, कब वे क्या करते हैं, यह देखने की बात है। स्पीकर साहब मै एक और अर्ज करता हूं। कभी–कभी हरिजन लोग मुझे सवाल पूछने के लिए कहते हैं कि फलां डिपार्टमैंट में रिजर्वेशन आफ प्रमोशन है या नहीं है, अगर है तो उसको पूरा क्यों नहीं किया जाता है, फलां महकमें में प्रमोशन

क्यों नहीं दी। जब ऐसा सवाल पूछा जाता है तो ये महकमें वालो को डराते हैं और कहते हैं कि तुमने महकमे की बात लीक–आउट क्यों की, इस पर ऐक्शन लिया जाए .....

Mr. Speaker: Order please. This is nto relevant. How do you connect this thing with the report? The questions, the answers and the conduct of the Officers, how are they relevant with the report under discussion.

चौ. चांद राम: मैंने कंडक्ट नहीं कहा, मैं गवर्नमैंट का एक मैथड बता रहा हूं।

Mr. Speaker: No. It is not relevant.

चौ. चांद राम: अच्छा जी, मैं छोड़ देता हूं। मैं अर्ज कर रहा ाि कि कई बार ऐसा होता है कि –

न तड़पने की इजाजत है न फरियाद करने की

घुट घुट के मर जाएं यह मर्जी मेरे सैयाद की है।

स्पीकर साहब, गवर्नमैंट का एक रवैया है टैम्पोरेरी पोस्टस के बारें में।

Mr. Speaker: Order please.

चौ. चांद राम: टैम्पोरेरी पोस्टस के बारे में गवर्नमैंट ने जो बात वहां कही थी वह यहां भी कही है। 1970–71 की रिपोर्ट है उसमें लिखा है:–

"The Commission was consulted in regard to continued appointment of 63 persons...."

यह पुरानी रिपोर्ट है।

Mr. Speaker: The Article under which this report is laid before the House runs as –

"..... on receipt of such report, cause a copy thereof together with a memorandum explaining, as respects the cases, if any, where the advice of the Commission was not accepted, the reasons for such non-acceptance to be laid....."

मेनली डिस्कशन के लिए जो ठीक है वह यह है, जो आर्टिकल क्लीयरली कहता है।

चौ. चांद राम: अब इसके पेज 11 पर लिखा है –

"The advice of the Commission was sought by the Government in all cases except the following....."

और फौलविंग में वे केसिज दिए हैं। पहले कमिशन और गवर्नमैंट में काफी डिफ्रैंस होता था जो अब काफी कम हो गया है, यह अच्छी बात है। पहले यह डिफ्रैंस बहुत वाईड था 84 पेज की रिपोर्ट होती थी लेकिन अब डिफ्रैंस कम होकर दो आइटम्ज पर आ गए हैं। स्पीकर साहब मैं मौडल रूल्ज में जरूर सुझाव दूंगा। मौडल रूल्ज जो ये बना रहे हैं इनको बनाने में ये देर न करें। दूसरी बात हये है कि जो रूल्ज पब्लिक सर्विस कमिशन बनाये उनके अन्दर कांस्टीच्यूशन के मुताबिक शडयूल्ड कास्टस के लिए

प्रोवीजन होना चाहिए। मसलन जो रूल्ज बनते हैं और शडयूल्ड कास्टस के बारे में उन रूल्ज में कुछ नहीं डाला जाता कोई प्रोवीजन नहीं किया जाता तो कोई बात बनती नहीं। रूल्ज के अन्दर प्रोवीजन करना पड़ेगा। होता क्या है कि रूल्ज में जब प्रोवीजन नहीं होता तो कह देते है कि साहब प्रोवीजन नहीं है हम क्या करें? स्पीकर साहब मैं एक सुझाव दूंगा, जहां गवर्नमैंट ने डिफर किया है, एक दो बातों में डिफर किया है, वहां गवर्नमैंट को चाहिए, मैं जो कह रहा हूं शायद पता नहीं यह बात रैलेवैंट है या नहीं है। आपकी असैम्बली में भी सर्विस रूल्ज बने बगैर शायद काम नहीं चलता, शादय अप्वांयटमैंट करने का आपका प्रिविलिज है, राईट है लेकिन .....

Mr. Speaker: Order please. Why not refer directly? You are also treading the indirect path.

चौ. चांद राम: अच्छा जी, मैं खत्म करता हूं।

मुख्यमंत्री (चौ. बंसी लाल): स्पीकर साहब यह जो पब्लिक सर्विस कमिशन की रिपोर्ट अंडर डिस्कशन है इस पर हमारे विरोधी साथियों में से दो सदस्यों ने डिवेट में हिस्सा लिया। एक बात चौ. राम लाल जी ने कही कि पब्लिक सर्विस कमिशन का और सरकार का ठीक लिंक बैठ गया। मैं समझता हूं कि यह कमिशन पर असपर्शन कास्ट करना है ये शब्द एक्सपंज होने चाहिएं क्योंकि कमिशन एक इंडीपैंडेंट बौडी है। They are holding the posts under the Constitution and are nt the

rubber stamp of the Government. They have been working independently and are working independently and their working is fine and the Government is fully satiifed with the selection of the candidates made by the Public Service Commission.

In this Report, Sir, Sh. Ram Lal has pointed out one thing that there should be some coaching institute. On this point, I agree. We will open one or two coaching institutes in backward areas and special attention will be given to to scheduled castes and backward classes (cheers) and particularly belonging to backward areas. I would also like to make it quite clear on the floor of the House that in such coaching institutions people coming from advanced areas of the State will not be given admission. I am very clear about it. We will give admission to only scheduled caste people, to backward class people and people belonging to backward areas, not to others.

And, then they have pointed out about the temporary apointments. Mr. Speaker, Sir, you will agree with me that this matter of temporary appointments in a Government can never be dispensed with. Today, we require a particular post and tomorrow we may not require it. When one post is held for a period of three years, then we revise our previous posts and if it is necessary then we make them permanent; otherwise the temporary; otherwise the temporary appointments and adhoc appointments in the departments have to continue for certain purposes. I agree that we should not make it a principle that many of the people should be appointed on adhoc basis. The effect of the Government

should be that maximum possible posts should be filled up through the Public Service Commission, not by the Government itself and we will try our best and we are doing our best to see that all the appointments, or the maximum possible appointments are made through the Public Service Commission. But even then in certain cases adhoc appointments have to be made. No body can check it. And, then they have pointed out about the framing of the Rules as early as possible. I agree with them that we should frame the Rules as early as possible. But, Mr. Speaker, Sir, you will agree with me that framing of the Rules is not an ordinary business. It is a tidious job. Many things have to be taken into consideration. We will also take into consideration, while framing the Rules, the interests of the scheduled castes, backward classes and people of the backward areas. We will not ignore that thins.

And, then, Sir, Sh. Chand Ram has pointed out that the Public Service Commission has stated in its Report that the standard of the English was very poor and he has emphasised to taling the examinations in Hindi. It is not possible. We cannot take all the examinations in Hindi. English has to be retained for some time. For most of the technical departments, Medical Department and many other departments, there are no words in Hindi and it is very difficult to change those words so soon in Hindi. But, who is responsible for lowering the standard of English in the schools? They are my friends sitting on the Opposition Benches. It is not the Vishal Haryana Party or other Indepentdent Members; it is the Jan Sang, B.K.D. and Congress (O) people, who are responsible for that. Everyday,

they go to teachers and say 'You go on strick'. They go to the students and incite them to damage the institutions and to do so many things. So they are responsible for that. We wil not give dividents to those political parties who want to make capital by such sort of things. We are not going to allow such sort of things. Standard will have to be maintained.

So far as the recruitment of Harijans – scheduled castes and backward classes people – is concerned, I agree that the recruitment is not up to the percentage revserved for them. Then, there are reasons, Public Service Commission has said that the competent persons were not available. We have relaxed certain rules to recruit the scheduled cases' and backward classes' people. But if there is a condition that one Graduate person is required for recruitment, we cannot say, a Matric Harijan will be taken in. We can give some relaxation but not total relaxation. The Government has to run efficiently, effecitively and if we take people without any qualifications, with very poor background and all that, then the Government cannot run efficiently. What we are doing for Harijans at the moment is that if one Harijan is not availabe for one post, them we request the Public Service Commission again to keep the post vacant for Harijans only and we advertise the post for Harijans only. We keep the post vacant for two years, consecutively for two years for Harijans only. (Thumping from Treasury Benches).

Then, he has said that Mathematics is also weak. I cannot help it. If we accept a man, who is weak in Mathematics he can calculate our Budget anywhere, he can calculate our Projects anywhere and he can lead us to the

charge of light Brigade. The Government can't accept the people who are weak in Mathematics. Not in the least. The Government is not prepared to do it.

Then, he has pointed out that the people say that the Government is anti-Harijan. Government is not anti-Harijans. Mr. Speaker, Sir, I will humbly request through you to Sh. Chand Ram that he is more anti-Harijan than anybody else in Haryana. He is real enemy of the Harijans and today where he has gone to? He has gone to a party which is really an enemy of the Harijans..... (Interruptions)

Ch. Chand Ram: Mr. Speaker, Sir, if you permit him, give me time also .....(Noise)..... Let us have debate on this .....

Ch. Bansi Lal: I am replying to what he has said. I am replying to that. (Noise)

Mr. Speaker: Order please.

Ch. Bansi Lal: Then, Mr. Speaker, Sir, whatever the other things are in this Report, nobody has said anything about it. But, what can be discussed-as you very rightly read out the relevant article of the Constitution – those things can be discussed on the floor of the House where the Government and the Commission have differed, not others. Thank you, Sir.

चौ. अमीर चन्द कक्कड़: स्पीकर साहब, मेरी एक सबमिशन है। गुजारिश यह है कि हमारे मुख्यमंत्री जी 19 मई, 1968 को मुख्यमंत्री बने थे। तकरीबन 6 साल का अर्सा हो गया और अपोजीशन के मैम्बरान इसी तरीके से इनके खिलाफ

कई–कई बातें करते रहे हैं तथा आज भी करते जा रहे हैं लेकिन पिछले इलैक्शन में वे इनको हरा नहीं सके। हमारे मुख्य मंत्री जी, ...(विघ्न एवं शोर)

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, हमें कोई एतराज नहीं, ये जो मर्जी आए तारीफ में कहें। कहना इनका हक है लेकिन यह पब्लिक सर्विस कमिशन की रिपोर्ट पर नहीं कर सकते। .....(विघ्न एवं शोर)

चौ. अमीर चन्द कक्कड़: सुनिए तो। .....

चौ. चांद राम: गोल्ड मैडल दे देंगे फिक्र मत करो। (शोर)

Mr. Speaker: What is your point?

चौ. अमीर चन्द कक्कड़: स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट यह है कि अपोजीशन के मैम्बर्ज जो आजकल गलत बे–बुनियाद और झूठी बातें कर रहे हैं उनके बारे में मैं कुछ अर्ज करना चाहता हूं।

चौ. राम लाल वधवा: वह हमें एतराज नहीं है लेकिन हमें एतराज यह है कि जब ये इर–रैलवैंट बोलते हैं तो आप इजाजत दे देते हैं....

चौ. अमीर चन्द कक्कड: स्पीकर साहब, मैं हाउस में इनको एक्सपोज करना चाहता हूं।

Mr. Speaker: No, this is not the point.

चौ. अमीर चन्द कक्कड: स्पीकर साहब, सबमिशन यह है कि हमारे मुख्यमंत्री जी के खिलाफ आज एक नई बात निकाली गई है। इन्होंने–अपोजीशन के मैम्बरों ने भी और पार्लियामैंट में भी अपोजीशन के मैम्बरों ने यह बात .....(विघ्न एवं शोर)

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब यह किस बात पर बोल रहे हैं?

चौ. अमीर चन्द कक्कड: आप सुनने की कोशिश कीजिए। ....(विघ्न) तो स्पीकर साहब मैं कह रहा था कि इन्होंने भी और पार्लियामैंट में भी अपोजीशन के कुछ मैम्बरान ने चर्चा की है कि हमारे मुख्य मंत्री जी, ने जनरल सैक्रेटरी हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को यह बात कही है कि जय प्रकाश नारायण जब हरियाणा में आएंगे तो उनको ठिकाने लगा दें। ऐसी–ऐसी गलत बातें इन्होंने हमारे चीफ मिनिस्टर साहब के खिलाफ की हैं। मैं एक जनरल सैक्रेटरी होने के नाते यह अर्ज कर देता हूं कि न तो मेरे साथ, न चौ. खुरशीद अहमद के साथ मेरी बात हुई जोकि हाउस के मैम्बर नहीं हैं और न ही सरदार प्यारा सिंह जी के साथ जो हाउस में नहीं हैं, कोई ऐसी बात हुई।

Mr. Speaker: Order please. It is for the Leader of the House to clarify .....(Noise)

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, क्या यह रिकार्ड पर सारी चीजें आएंगी? फिर तो कल को हमें भी बोलने का हक

होगा, बेहतर यह होगा कि आप इसे एक्सपंज करा दें क्योंकि इसका पब्लिक सर्विस कमिशन की रिपोर्ट से कोई सम्बन्ध नहीं है।

श्री अध्यक्ष: पब्लिक सर्विस कमिशन की रिपोर्ट पर तो डिसकशन खत्म हो चुकी हैं।

चौ. अमीर चन्द कक्कड: अब ये यहां .....

मुख्य मंत्री द्वारा वक्तव्य

Mr. Speaker: Please resume your seat. The leader of the House will now make a statement.

मुख्यमंत्री (चौ. बंसी लाल): स्पीकर साहब, ऐसा है, यह एक इम्पौटैंट प्वायंट जो कि श्री अमीर चन्द कक्कड़ ने आन दी फलोर आफ दी हाउस उठाया और यह प्वायंट ताल्लुक रखता है मेरी जात से। इसलिए मुझे अपनी पोजीशन सदन के सामने जनता के सामने और देश के सामने साफ करनी होगी। अभी कल के अखबारों में चौ. चांद राम जी, चौ. हरिद्वारी लाल जी, चौ. देवी लाल जी, इनका एक स्टेटमैंट निकला है और उस स्टेटमैंट में इन्होंने कहा है –

"It was most disturbing that his name (i.e. my name) has figured among those who were alegedly plotting to physically liquidate Mr. Jaya Parkash Narayan, who was today

the most precious possession of the strife torn country, they said."

These persons have said it. This is an allegation against me.

और यह एलीगेशन इन्होने मेरे खिलाफ लगाया है कि जयप्रकाश बाबू को फिजिकली मैं लिक्वीडेट कराना चाहता हूं या कोई बात। स्पीकर साहब मेरा इसमें निवेदन यह है कि यह जो एलीगेशन मेरे खिलाफ लगाया जाता है चाहे इन तीन आदमियों ने लगाया, चाहे पार्लियामैंट के किसी मैम्बर ने लगाया, चाहे किसी और आदमी ने लगाया, जिस किसी ने भी लगाया यह ऐ वैस्टीड इन्ट्रैस्ट के आदमी हैं, और वे कौन है, वे कहने को तो जयप्रकाश बाबू के हमदर्द हैं। हकीकत में वे श्री जगदीश की हैसियत का उसकी शख्सीयत का नाजायज फायदा उठाना चाहते हैं। सारे हिन्दुस्तान में इस किस्म के वैस्टीड इन्ट्रैस्ट के लोगों ने कोशिश की तरह–तरह के एजीटेशन चलाने की, और क्या एजीटेशन, हिन्दुस्तान से जमहूरियत को खत्म किया जाए। तो उसी का यह भी एक हिस्सा है .....

चौ. चांद राम: क्या आप यह डिस्कशन किसी सब्जैक्ट पर अलाऊ कर रहे हैं, इसमें हम भी पार्ट–प्ले करेंगे या एक तरफ की ही बात रहेगी। जो स्टेटमैंट आएगी उसमें अपनी पोजीशन तो ये क्लीयर कर दें लेकिन किसी पर एलीगेशन नहीं लगा सकते। आप स्पीकिंग के रूल्ज देख लीजिए कि क्या है? अगर चीफ

मिनिस्टर साहब कोई बात कहना चाहते हैं तो वे बड़े अच्छे ढंस से भी कह सकते हैं लेकिन किसी पर एलीगेशन लगाकर नहीं। अगर एलीगेशन लगाते हैं तो फिर हमें भी मौका दे दीजिए।

Mr. Speaker: He is not levelling any allegation. जो एलीगेशन उनके खिलाफ लगाए गए हैं उनके मुताल्लिक तो वे कह सकते हैं। (विघ्न)

चौ. राम लाल वधवा: अखबारों में एलीगेशन तो कल भी हमारे खिलाफ आ सकते हैं। तो क्या हमें भी बोलने की इजाजत दी जाएगी। (विघ्न)

Mr. Speaker: He is making a statement.

चौ. शिव राम वर्मा: अखबारों में आया है तो अखबारों में ही ब्यान दे दें।

Mr. Speaker: Please do not interrupt.

चौ. बंसी लाल: अगर ज्यदा लड़ाई करते हो तो मैं अखबार वालों के पास गया नहीं अखबार वालों के पास तो यही लोग गए हैं। ..... (व्यवधान)

Mr. Speaker: Order please. Please don't stress this matter too much.

बहिर्गमन

कुछ माननीय सदस्य: अगर ऐसे ही कार्यवाही चलेगी तो हम वाक–आउट करते हैं।

(इस समय चौ. चांद राम, चौ. शिव राम वर्मा, चौ. राम लाल वधवा, चौ. पीर चन्द और चौ. गणपत राय सदन के वाक–आउट कर गए)

One voice from the Opposition: This is a wrong precedent.

मुख्यमंत्री द्वारा वक्तव्य (पुनरारम्भ)

चौ. बंसी लाल: स्पीकर साहब, मेरी आप के जरिए इनसे यह निवेदन है कि ये मेरी बात सुनें क्योंकि इल्जाम लगाते हैं तो बात भी सुनकर जाएं क्योंकि इनकी सारी बातें, बेबुनियाद, गलत होती हैं और आगे मैं इनकी हिस्ट्री–शीट खोलने चला हूं इसीलिए ये भाग रहे हैं। अगर ये अपनी हिस्ट्री–शीट सुनना चाहें तो हाउस में बैठ कर सुनें मेरी आपके जरिए हाथ जोड़ करके इनसे प्रार्थना है कि ये हाउस में बैठें और मेरी बात सुनें। लेकिन क्योंकि गलत बात कहते हैं और बेबुनियाद बातें करते हैं और गये बीते आदमी हैं इसीलिए जाने की कोशिश कर रहे हैं। तो स्पीकर साहब, ये एक चर्चा किस चीज के ऊपर चली एक ''सडौनिमस लैटर'' के ऊपर। मुझे अफसोस है कि वे उठकर चले गए, मैंने दिन को भी इनसे कहा था कि बात सुनकर जाना, इन्होंने हां की थी कि

आपकी बात सुनकर जाएंगे क्योंकि मैं कोई बात नहीं चाहता था कि इनके पीछे से कहूं लेकिन क्योंकि ये तो इस चीज पर आमादा हैं कि हमने तो सुननी ही नहीं, मैं तो सुनाना चाहता था इनको और मैं यह भी चाहता था कि ये जवाब दें। अब स्पीकर साहब, वैस्टिड इन्ट्रैस्ट के वो लोग जो सारे हिन्दुस्तान से जमहूरियत को खत्म करना चाहते हैं उन लोगों ने यह कोशिश की कि अब उनका एजीटेशन जो इस किसम का था वो सारे हिन्दुस्तान में फेल होता जा रहा है। अब वो कहने को तो जय प्रकाश बाबू के साथ हैं और मेरा शक ऐसा है और लगता ऐसा है लोगों की बातों से, लोगों की असैसमैंट ऐसी है कि ये लोग जयप्रकाश बाबू को फिजिकली नुक्सान पहुंचा कर कांग्रेस पार्टी को और कांग्रेसी–सरकारों को बदनाम करना चाहते हैं या वैस्टिड इन्ट्रैस्टड के जो लोग हैं। अब इस चिट्ठी के बारे में इन लोगों ने कहा, चौ. चांद राम जी ने, चौ. हरद्वारी लाल जी ने, जो दोनों इस सदन के मैम्बर हैं, मैं चाहता था कि दोनों हाजिर रहें। एक बात तो मैं यह चाहता हूं कि ये जो सोकाल्ड फौलोवर जय प्रकाश बाबू के हैं और जो अन्दरूनी ढंग से उनको फिजिकली नुक्सान पहुंचा कर सरकार के गले डालना चाहते हैं या कांग्रेस पार्टी के गले डालना चाहते हैं, इसकी सैन्ट्रल गवर्नमैंट पूरी तफतीश करे कि इनका क्या प्रोग्राम है, कया इनके इरादे हैं और ये जिस इन्स्टीच्यूशन की तरफ से लैटर लिखा गया है, यूनियन होम मिनिस्टर को और दूसरे कुछ साथियों को इसकी भी मैं केन्द्रीय सरकार ने प्रार्थना करूंगा कि वे इन्क्वायरी करवाएं कि क्या कोई

ईस इन्स्टीच्यूशन है या नहीं? और फिर एक चीज मैं भारत सरकार से यह भी चाहता हूं कि जयप्रकाश नारायण को परमानैंट सिक्योंरिटी दें, उसकी जान की हिफाजत के लिए ताकि ये अपोजीशन के लोग, यहां अपोजीशन की लफ्ज मैं इस्तेमाल नहीं करूंगा, वैस्टिड इन्ट्रैस्ट के लोग जो हैं, उनके शरीर को कोई नुक्सान न पहुंचा सकें। मैं इस प्रान्त का मुख्यमंत्री होने के नाते यह बात आपके जरिए सदन में साफा कर देना चाहता हूं कि जब जयप्रकाश बाबू हरियाणा प्रान्त में आएंगे उस समय पूरी हरियाणा सरकार की जिम्मेवारी होगी कि उनके शरीर को कोई आंच न आए, सही सलामत आएं और सही सलामत यहां से लौट कर जाएं। (तालियां) जो वैस्टिड इन्ट्रैस्ट के लोगों के नापाक इरादे हैं कि वे हरियाणा प्रान्त में आएं और उनके शरीर को नुक्सान पहुंचाएं, मैं उनके नापाक इरादे कभी कामयाब नहीं होने दूंगा। इसके बाद स्पीकर साहब, यह चौ. चान्द राम, चौ. हरद्वारी लाल जो इस सदन के मैम्बर हैं, चाहिए तो उनको यह था कि बैठ कर आराम से यहां जवाब देते, हल्लागुल्ला करके जान की बात उनकी समझ में आई, उन्होंने यह स्टेटमैंट दे दिया। कोई जिममेवारी नहीं। अगर इनके पास कोई सबूत था कि मेरी ऐसी कोई साजिश है जयप्रकाश बाबू के खिलाफ है या वैस्टिड इन्ट्रैस्ट के जो लोग मेरे खिलाफ यह प्रचार करते हैं, वो समझते हैं कि मेरी ऐसी कोई साजिश है, तो मैं कोई कानून से इम्यून्ड आदमी नहीं हूं, मेरे खिलाफ केस अदालत में ले जाया जा सकता है। ये ब्लैक–मेल क्यों करें, अगर इसके पास कोई सबूत है तो मेरे खिलाफ अदालत

में जाएं। फिर स्पीकर साहब, एक बात और इन लोगों ने कही, इन्होंने कहा –

"According to these three leaders, the Ruling Party in Haryana had been un-nerved by the growing popularity of the BKD in the State and it was obvious from its reluctance to face the electorate in the Rori Assembly Constituency which fell vacant as far back as November last."

अब यह बी.के.डी. पार्टी कहती है कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा प्रान्त में अन–नर्वड हो गई। बी.के.डी. की शक्ति भी देख ली, जनसंघ की शक्ति देख ली, कांग्रेस (ओ) की भी शक्ति देख ली। स्पीकर साहब, आज ही राज्य सभी की दो सीटों का चुनाव हुआ है, इस सदन में से हंडर्ड परसैंट वोटिंग हुआ है और आ वोट इनके कैंडीडेट को ज्वांयट पार्टी जो इनकी थी, उनको मिले। तो हम इनसे कितने अन–नर्वड हो सकते हैं, यह सोचने की बात है और कौन–सी बी.के.डी. पार्टी से? मैंने चौ. दल सिंह से आज लौबी में कहा था कि चौ. साहब आप बैठना, मैं आपसे कुछ बातें पूछूंगा और कुछ कहूंगा। उन्होंने मुझसे वायदा भी किया था मैं बैठूंगा, लेकिन अब वो चले गए। बल्कि सवेरे मैं पांच मिनट उनकी इन्तजार करता रहा यह कहने के लिए कि उनको सदन में मेरी इस स्टेटमैंट के वक्त रोकूं लेकिन वो चले गये। अब पिछली बार 26 तारीख को, जबक हमने यहां मीट किया, उससे पहले जब हमने मीट किया तो इन्होंने कहा कि हम बी.के.डी. के मैम्बर हैं और फिर 26 तारीख को यहां आते ही सदन बैठते ही मैंने चौ.

दल सिंह से इसी सदन में पूछा कि चौ. दल सिंह जी, आज आप कौन–सी पार्टी के मैम्बर है? चौ. दल सिंह ने कहा कि मैं आज भारतीय लोक दल का मैम्बर हूं। अब आज चो. चरण सिंह जी का स्टेटमैंट आ गया कि अभी हम भारतीय लोक दल नहीं हैं अभी हम भारतीय क्रान्ति दल ही रखना चाहते है। तो भारतीय लोक दल तो भारतीय लुप्त दल बन गया, वो तो लुप्त हो गया, वो तो कही रहा नहीं। जो पार्टी अपने आप ही लिक्विडेशन में जा रही है, उस पार्टी से हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी या हरियाणा की कांग्रेस या हरियाणा की सरकार अननर्वड हो गई और फिर इन हालात में कि इनके पास सबसे बड़ा लिक्विडेटर है हरद्वारी लाल। अगर इस पार्टी के थोड़े चांसिज फलने फूलने के होते भी तो एक ऐसा शरीफ आदमी इन्होंने ले लिया जिसके जहां पांव ठिक जाए, अगर हिमालय पर्वत के पत्थर पर पांव रख जाए तो वह भी साफ हो जाए। तो यह तो बी.के.डी. है, यहतो रहेगी ही कहां? इसका सवाल ही क्या हैं रहने का? वो अकेला हरद्वारी लाल ही लिक्विडेटर नहीं है। वहां, वो तो मास्अर–पीस लिक्विडेटर है, उसके नीचे तो ओर दो छोटे लिक्विडेटर है चौ. चांद राम और चो. देवी लाल। ये कितनी पार्टीयों में रह चुके, कितनी पार्टी बना चुके, जहां के तीनों आदमी हें फिर हमको खतरा क्या है? चो. दल सिंह, महन्त श्रयोनाथ ये चाहते हैं इनसे पीदा छुडवाना और मुझे कई बार रिक्वैस्ट भी करते हैं कि हमारा पीछा छुडवा दो लेकिन मैं लिक्विडेटरों को अपपने पास लेकर क्या करूं, ये कांग्रेस पार्टी का लिक्विडेट कर दें। और हरद्वारी लाल तो लिक्विडेटर

मास्टर–पीस लिक्विडेटर है। वो तो जहां गया वहीं साफ किया, जिस किसी के यहां पहुंचा वहीं साफ किया। अपने घर से चला था जिस किसी के घर मं पांव टिक गया वहीं तक पटड़ा साफ। ये कहते हैं कि उस बी.के.डी. पार्टी से हरियाणा कांग्रेस, हरियाणा सरकार या कांग्रेस पार्टी अननर्वड हो गई, इसकी बढ़ती हुई पापुलैरिटी से, और रोड़ी कांस्टीच्यूएंसी का जिक्र किया स्पीकर साहब, अब रोड़ी कांस्टीच्युएंसी की आपको बात बता दूं। चौ. देवी लाल जी को इन्होंने कैडीडेट बनाया। चो. देवी लाल तो पिछले इलैक्शनों में दो जगह से हारा और इसी रोड़ी कांस्टीच्युएंसी में चौ. देवी लाल का बड़ा भाठ साहब रा 10–11 हजार वोट से हारा। तो उस कांस्टीच्युऐंसी में यह कहते हैं कि हम अन–नर्व हो गये। अब स्पीकर साहब, एक बात हमारे यह अपोजीशन के भाई, बी.के.डी. वाले खासतौर से, जनसंघ वाले, हरियाणा में जुल्म की बात करते हैं कि पुलिए का जुल्म हैं तो यह तो बात करते हैं पुलिस के जुल्म की और मैं इनसे यह पूछु कि इन्होंने लखनऊ विधान सभा में हरिजन मैम्बर को पीट दिया खुल्लमखुल्ला, मारने की धमकी दे दी। उस जुल्म की चर्चा तो ये नहीं करते। उस जुल्म के बारे इनकी क्य राय है और यह बहुत कुछ हमारे बारे में कहते हैं? कभी कुछ कह देते है, कभी कुछ कह देते हैं कांग्रेस के बारे, कभी मेरे बारे। तो मैं तेा इन भाइयों को एक बााम याद दिलाना चाहूगा कि भुटटो साहब पिछले दिनों जब बहुत ज्याद भौंकते गये तो बली खां ने उनको एक जवाब दिया। बली खां ने भुट्टाो साहब ने यह कहाः

"If you stop telling lies about us we shall stop telling truth about you.

तो अगर यह हमारे खिलाफ झूठी बातें कहने से रह जायें तो हम तो इनकी सच्ची बातें बतानी बन्द कर दें, वही बहुत है। जब प्रकाश बाबू वाले मामले में मैं अपनी पोजीशन, अपनी सरकार की पोजीशन, अपनी पार्टी की पोजीशन साफ करता हूं कि वह चाहे कुछ ही अपना ऐजीटेशन करें, कुछ करें, उसको कानूनी ढंग से डील कर सकते हैं लेकिन जहां तक उनके शरीर का ताल्लुक है, जहां तक उनकी जात का ताल्लुक है, मैं वैस्टिड इंट्रैस्ट के लोगों की जितने दिन तक जय प्रकाश नारायण हरियाणा प्रान्त में रहैंगे, इनके नापाक इरादे कभी कामयाब नहीं होने दूंगा। यह मैं आपके जरिये आश्वासन दिलाता हूं हर आदमी को जो इस बात से ताल्लुक रखता है। स्पीकर साहब, यह लोग जात–पात का आजकल बड़ा नारा लगाते हैं। कभी किसी राजपूतों के ख्यालात उभार लो, कभी किसी दूसरी जाति के ख्यालात उभार लो, अब चौ. चांद राम जी को मुश्किल हो रही है कांस्टीच्यूएंसी में जाने की। आज से 4–5 दिन पहले रात को, हां–शायद तीसरा–चौथा दिन है, सोनीपत में 15–20 हरिजन चौ. चांद राम के पास आये कि इन जाटों से ही तो हमको डर लगता था, इनकी ही शरण में आप क्यों चले गये, आप तो हमको पिटवायेंगे। इसने दो चार छः गालियां मुझको दी और यह कहा मैं क्या करूं, यह बैठा है, मुझे घुसने भी देता हो? लेकिन हमारा तो किसी लिक्विडेटर को लेने का इरादा ही कोई नहीं। स्पीकर साहब, मैंने

एक रोज एक सप्लीमैंट्री क्वैश्चन के जवाब में कहा थ। बैटरमैंट–लेवी की बात चौ. दल सिंह जी ने या किसी साथी ने कही थी। मैं इस बारे में एक बात आपके जरिये सदन को कहना चाहता हूं कि हमारे प्रान्त में तरक्की के काम बहुत तेजी के साथ हुए हैं और तरक्की करने में हमने किसी के साथ कोई डिस्क्रिमीनेशन नहीं की। बिजली लगायी तो हर गांव में, सड़क बनायी तो हर कास्टीच्यूऐंसी में, दूसरे तरक्की के काम किये तो हर कास्टीच्यूऐंसी में। हमने किसी की कास्टीच्यूऐंसी को इग्नोर करने की कोशिश नहीं की। अब यह तो कहते हैं कि बैटरमैंट–लैवी हटाओ। बैटरमैंट–लैवी का तो हम हिसाब कर रहे हैं कि कितने अर्से तक रहनी चाहिये, कितने अर्से के बाद हट जानी चाहिये। लेकिन पहले, पिछले कुछ सालों के केन्द्रीय सरकार हमें कुछ आर्डिनरी सहायता से ज्यादा सहायता देकर हमसे डिवैल्पमैंअ का काम उन्होंने करवाया, हमने किया हमको उनसे पैसा मिला। लेकिन अब उनके सामने भी कुछ फाइनैशियल डिफिकल्टीज हैं और हिन्दुस्तान की हर स्टेट सरकार के सामने भी हैं। अब स्पीकर साहब इसमें हमारे सामने दो चीजें तो ये हैं कि एक तो हम बिजली का टैरिफ बढ़ा दैं और दूसरी चीज यह है कि हम वाटर रेट बढ़ा दें। अब वाटर रेट के बारे में यह भी जानता हूं कि मैंने ये दो बातें कहीं हैं। जो मेरे भाई अभी सदन से उठ कर चले गये वे बावेला मचायेंगे कि देहातियों पर टैक्स लगाया जा रहा है। मैं अपोजीशन के भी, कांग्रेस के भी जो सदस्य, जो सुझाव देना चाहें अरबन आदमी, अरबनाईटस पर क्या टैक्स लग

सकता है देहातियों पर क्या लग सकता है, वही रास्ता सुझायें लेनिक बगैर कोई भी नये रिसोर्सिज के मोबलाईज के तरक्की का काम तो हम पूरे तौर से चालू नहीं रख सकेंगें। आज हमारे लिये थर्मल प्लान्ट लगाने भी जरूरी है हाइड्रल–पावर–प्रोजैक्ट लगाने भी जरूरी हैं। ब्यास–रावी का पानी लाने के किये कैरियर बनाना भी जरूरी है और पंडित जवाहर लाल नेहरू कैनाल बनानी भी जरूरी है। इन चीजों में से हम किसी चीज को बाकी नहीं छोड़ सकते। यह सब काम हमको करने पड़ेंगे। पीछे हमने जो टैक्सिज लगाये वे टैक्सिज हमारे ज्यों के त्यों इन्टैरिम रिलीफ एडहोक रिलीफ वह सब सरकारी मुलाजिमों को तनख्वाह के तौर पर चले गये। पंडित जवाहर लाल नेहरू कैनाल जिसका काम हमको आज से बहुत दिन पहले चालू कर देना चाहिये था, हम अभी तक उसको शुरू नहीं कर पाये। अब वाटर–रेटस के बारे में मैं आपके सामने अर्ज करना चाहूंगा कि हरियाणा प्रान्त में यह एक रिपोर्ट है। इस में लिखा है:–

"Water Rates for principal crops under irrigation Canal System in various States in India-Water rates in rupees per Hectare" हरियाणा प्रान्त में चावल के ऊपर 24 रूपये हैक्टेयर, काटन के ऊपर 16 रूपये 80 पैसे, व्हीट के ऊपर 6 रूनये 75 पैसे से 14 रूपये 40 पैसे तक, ज्वार बाजरा मकइ पर 9 रूपये 20 पैसे से 15 रूपये 60 पैसे तक है। शुगरकेन के ऊपर 35 रूपये 20 पैसे से 40 रूपये 50 पैसे तक ओर बाग–बगीचों पर 7 रूपये 35 पेसे से 20 रूपये 40 पैसे तक। स्पीकर साहब, इसके मुकाबले बिहार में

चावल के ऊपर 19 रूपये 95 पेसे से 39 रूपये 90 पैसे तक है, गेहूं के ऊपर 17 रूपये 30 पैसे से 29 रूपये 60 पैसे तक है, ज्वार बाजरा और मकई के ऊपर 12 रूपये 30 पैसे से 22 रूपये 20 पैसे तक है और शुगरकेन के ऊपर 43 रूपये 20 पेसे से लजेकर 69 रूपए तक है। और इसी तरह गुजरात में हैं 59 रूपये 30 पैसे से 81 रूपये 60 पैसे राईस पर, काटन पर 91 रूपए 40 पैसे जबकि हमारे यहां 16 रूपए 80 पैसे और वहीट के ऊपर 59 रूपये 30 पैसे से 81 रूपये 60 पैसे, ज्वार बाजरा और मकई के ऊपर 9 रूपये 90 पैसे से 22 रूपए 20 पैसे और शुगरकेन के ऊपर 470 रूपये जबकि हमारे यहं है 35 रूपए 20 पैसे से 40 रूपये 50 पैसे ओर बाग–बगीचों का वहां पर है 59 रूपये 30 पैसे जबकि हमारे यहां 7 रूपये 35 पैसे से 20 रूपये 40 पैसे। महाराश्ट्र में स्पीकर साहब चावल के ऊपर है 22 रूप्ये 20 पस से 37 रूपये का काटन के ऊपर है 91 रूपयें 30 पैसे जो हमारे यहां 16 रूपये 80 पसे है। और गेहूं पर वहां है 22 रूपये 20 पैसे हमारे यहां है 6 रूपये 75 पैसे से 14 रूपये 40 पैसे तक और ज्वार बाजरा और मकई पर महाराश्ट्र में 14 रूपये 80 पैसे। शुगरकेन पर स्पीकर साहब महाराश्ट्र में हैं 296 रूपये से 444 रूप्ये तक जबकि हरियाणा प्रान्त में है 35 रूपये 20 पैसे से 40 रूप्ये 50 पैसे तक और बाग–बगीचों पर महाराश्ट्र में है 197 रूपये 50 पैसे से 296 रूपये तक और बाग–बगीचों पर है हमारे यहां 7 रूप्ये 35 पैसे से 20 रूपये 40 पेसे तक। तो करीब–बरीब हर प्रान्त में हमसे ज्यादा वाटर रेट हैं। मैं यह नहीं कहता कि हम कल ही कोई वाटर रेट लगाने जा रहे

हैं लेकिन मैं सदन के सामने एक चीज रखता हूं अपोजीशन के सामने ट्रेजरी बैंचिज के सामने इंडीपैंडैंट भाइयों के सामने ओर जो लोग इस सदन से बाहर हों और इस सब्जैक्ट का अच्छी तरह समझते हों उन सब भाइयों के सामने जो हरियाणा प्रान्ता का कोई आदमी इस चीज को अच्छी तरह समझता हो वह मुझे किसी किस्म का कोई सुझाव किसी सैक्टर में टैक्स लगाने का दे, उस पर पूरे तौर से विचार किया जायेगा। पूरा विचार करने के बाद कोई भी नया टैक्स लगाया जायेगा लेकिन नये टैक्सों का लगाया जाना निहायत जरूरी है क्योंकि नये टैक्स लगाये बगैर हम अपनी तरक्की के काम चालू नहीं रख सकते। नये काम शुरू नहीं कर सकते बल्कि मौजूदा काम भी हम पूरे तौर से चालू नहीं रख सकते। इस तरह से मैं यह समझता हूं कि यह दो तो मैंने इंसटांसिज दे दीं बिजली की या पानी की लेकिन दूसरा जो भी किसी किस्म का रेट देहाती भाइयों पर या शहरी भाइयों के ऊपर किसी के ऊपर भी लगाने का किसी भाई की भी समझ में आये उसका सुझाव दें मैं यह नहीं कहता कि यह देहातियों पर ही लगे, शहरियों पर लगाने की बात है तो शहरियों पर लगाने की बात का मुझे सुझाव दें। जो जिस किसी भी व्यक्ति से, जिस किसी भी पार्टी से, जिस किसी भी इंडीविजुअल से ये अडीशनल रिसोर्सिज की मोबेलाइजेशन के बारे में सुझाव सरकार के पास आयेगा उसके ऊपर पूरा गौर किया जायेगा। उसके बाद हम नए टैक्स लगायेंगे। आपके जरिए मैं पूरे सदन से यह प्रार्थना करता हूं कि जो सुझाव

इंडिविजुअली पार्टी के तौर पर ग्रुप के तौर पर देना चाहते हैं वह दें। शुक्रियां

***17.51 बजे**

Mr. Speaker: The house stands adjourned sine-die.

(The Sabha then*adjourned sine-die)

हरियाणा विधान सभा की कार्यवाही खण्ड 2 अंक 9 दिनांक 29. 7.74

सरकार से देर से प्राप्त दिनांक 8.7.74 के अतारांकित प्रश्न का उत्तर

Irrigation of Land by Canals and Tubewells

302. Ch. Ram Lal Wadhwa: Will the Minister for Revenue be pleased to state:

(a) the district-wise area of land being irrigated by canals and Government Tubewells, separately, in the state at present,

(b) the district-wise area of land being irrigated by private tubewells in the State at present;

(c) the district-wise acreage of BARANI land in the State; and

(d) the time by which the canal water is expected to be supplied to the said BARANI LAND district-wise?

Irrigation and Power Minister (Sh. Banarsi Dass Gupta): (a) The district-wise area of land irrigated by canals during the year 1973-74 is as under :-

Sr. No.	District	Area irrigated by canals (in hectares)
1	Ambala	7774

2	Karnal	109139
3	Hissar	697059
4	Jind	284034
5	Bhiwani	118129
6	Sonepat	100951
7	Kurukshetra	11603
8	Rohtak	166172
9	Gurgaon	55145
	Total	1654434

(a) The district-wise area irrigated by Govt. tubewells during the year 1973-74 is as under :-

Sr. No.	District	Area irrigated by Govt. tubewells (in hectares)
1	Ambala	44000
2	Karnal	19000
3	Hissar	2000
4	Jind	4000
5	Bhiwani	1000

6	Sonepat	4000
7	Kurukshetra	39000
8	Rohtak	1000
9	Gurgaon	5000
10	Mohindergarh	7000
	Total	126000

(b) The district-wise area irrigated by private tubewells during the year 1973-74 is as under :-

Sr. No.	District	Area irrigated by private tubewells (in hectares)
1	Ambala	92000
2	Karnal	215000
3	Hissar	95000
4	Jind	53000
5	Bhiwani	28000
6	Sonepat	58000
7	Kurukshetra	225000
8	Rohtak	54000

9	Gurgaon	169000
10	Mohindergarh	101000
	Total	1090000

(c) The district-wise area of Barani land in the State during the year 1973-74 is as under :-

Sr. No.	District	Barani area (provisional) (in hectares)
1	Ambala	203000
2	Karnal	102000
3	Hissar	465000
4	Jind	164000
5	Bhiwani	392000
6	Sonepat	97000
7	Kurukshetra	83000
8	Rohtak	202000
9	Gurgaon	258000
10	Mohindergarh	212000
	Total	217800

(d) The time by which the canal water is expected to be supplied to the said Barani land district-wise cannot be indicated because the definite time by which share of Haryana from Ravi-Beas and Kishau Storage etc, would become available for utilisation, is yet not known.